(२) सब प्राणियोंमें एक ही प्रकारकी बुद्धि नहीं पाई जाती है। और त्रुटि यह है कि वह पदार्थ जीव ही नहीं है जो सदैव और हर समय पर एक ही अवस्थामें स्थिर न रहे। अनुभूत बातोंके अतिरिक्त कुछ कुछ नहीं कहना है, वह निश्चित है और उनका खण्डन नहीं हो सकता है। सत्य तो यह है, जैसा हम देखेंगे, कि धार्मिक विज्ञानने भी उनका पूरा २ लिहाज रक्खा है।

प्रोफे. हैकल साहबकी विख्यात पुस्तक 'रिडिल ऑफ दि युनिवर्स' के निम्नलिखित वाक्य प्रकट हैं:—

"इन और अन्य ज्ञात घटनाओंसे यह प्रत्यक्ष है कि मनुष्यकी चैतन्यशक्ति और उसके निकटस्थ हुए निचले वाले पशुओंकी भी चेतनता परिवर्तन होनेवाली वस्तु है और उसकी शक्ति आन्तरिक और बाहरी कार्योंसे जैसे रुधिरका दौरा वगैरा और भेजेकी चोट औरमुसकरलानेके प्रयोगसे परिवर्तित होती रहती है । जीवित शरीरमें चेतनताकी वृद्धि इस बातका द्योतन करती है कि यह कोई अमरत्तात्मक पदार्थ नहीं है, किन्तु भेजेका एक प्राकृतिक कार्य है और इसलिये यह द्रव्यसंबन्धी नियमोंसे व्यतिरिक्त नहीं है।"

सत्य यह है कि धार्मिक विज्ञानने कभी जीवको हैकल साहबके अर्थोंमें कोई 'अमरत्तात्मक पदार्थ' नहीं माना है और न यह कभी माना है कि उस पर प्राकृतिक प्रभाव नहीं पड़ता है परन्तु पाश्चात्य विज्ञानवेत्ताओंको जिस समाजसे मुकाबला पड़ा वह सत्य धर्मकी असली सम्मति न थी किन्तु ईश्वरवादकी एक भ्रमकारक मूर्खता था जिसके अनुकूल जीव एक अमरत्वात्मक और कभी न परिवर्तन होनेवाला पदार्थ है । इसलिये इस जीवको सत्यार्थ विज्ञानवेत्ता इतबारका करार [illegible] नहीं समझते हैं क्योंकि शास्त्रीय सर्वो [illegible] निक शिक्षा पर [illegible] उनका उसका कभी अवसर ही नहीं मिला है।

सर्व धार्मिक सिद्धान्तानुसार, जीव और प्रकृति पुद्गल

दोनों द्रव्य हैं, जिनमें बाज गुण सामान्य हैं परंतु चेतनता नहीं। चेतनता जीवका स्वाभाविक गुण है जो कोई असत्तात्मक द्रव्य नहीं है। यद्यपि यह प्राकृतिक नहीं है अर्थात् प्रकृति (पुद्गल) का बना हुआ नहीं है तथापि जीव और प्रकृति दोनों बाज सूरतोंमें एक दूसरे पर प्रभाव डालते हैं जैसे केवल खयाली शक्तिमें बीमारको अच्छा कर देना। और चेतनताका जड़ी बूटियों और औषधियोंके प्रयोगसे कम व ज्यादा होना इत्यादि। जीव और प्रकृतिके मिलनेसे जीवकी वास्तविक शक्तियां (ज्ञान) मन्द और निरर्थक हो जाती हैं अतः निर्वाणका नितान्त यही भाव है कि जीवकी खराबी पैदा करनेवाली प्रकृतिसे नितान्त पृथकता होजावे। बुरीसे बुरी अवस्थामें प्रकृतिके प्रभावसे जीवकी चेतनताका करीब २ अभाव हो जाता है और वह उस समय केवल स्पर्शके योग्य रह जाती है।

जीवके उपरोक्त वर्णनमें जो जैनधर्मसे लिया गया है, यह प्रत्यक्ष स्वीकार किया गया है कि चेतना प्रकृतिसे प्रभावित होती है इसलिये जो प्रश्न कि—अब धर्म्म और विज्ञानके बीच पैदा होता है वह यह नहीं है कि आया मनुष्य या पशुओंके शरीरमें कोई असत्तात्मक कभी न बदलनेवाला पदार्थ है अथवा नहीं, परंत्त यह है कि आया चेतना शक्ति पुद्गलके परमाणुओंका कर्तव्य है या दूसरे किसी द्रव्यका ? जिसमें पुद्गलका सम्बन्ध तो होता है परन्तु जो वास्तवमें पुद्गल नहीं है।

हम जानते हैं कि यह एक ऐसे व्यक्तिका कहा हुआ है बहुत ठीक २ और मेहनतके साथ विचार करनेका अभ्यास यदि नये पैदा हुये बच्चेके चेतना नहीं होती तो उस जिसको यह पैदा होनेके समय चिल्लाकर जाहिर कर कौन अनुभव करता है । यदि चेतनता वाक्शक्ति होनेके बाद जाहिर होती है तो बच्चेकी प्रीति और वाक्शक्तिके पहले भी उसमें पाई जाती है क्या कारण है? यह युक्ति कि बच्चा बहुत अवधि तक अपना कथन गायब (प्रथमपुरुष) में करता है ? प्रतिज्ञाको ... सीमातक पहुंचा देती है । क्या इसका यह भाव है कि अपने दुख, सुखको भी अमीर गायबमें अनुभव करता है किसी अन्य व्यक्तिकी दशाओंका वृत्त हो ।

हमको उचित है कि हम ऐसी बनावटी सत्यताओं अर्ध सत्यताओंसे धोखा न खायें । बुद्धि, विचार, और ... इन सबका निवास वही है जो दुख सुखके अनुभवका है । ... और अनुभव एक ही पदार्थके दो विविध कार्य हैं जो हमारी अवस्थाओंको ज्ञात कराता है दूसरे शब्दोंमें ... अपने अस्तित्वके ज्ञान करानेवाली शक्तिके दर्शन अनुभव (ज्ञान) भी वैसे ही चेतनताका सूरत है ... बुद्धयनुसार विचार और शब्दाद्वारा प्रगट होने वाले जिनको हम ज्ञान कहते हैं । दो विविध प्रकारकी

तिको गढ़नेका एक कारखाना हो। यह विचारनेकी बात है
कि मनका उत्तम दुर्बलता शाम अर्थात् मुकाबिला करना इन्ति-
ज़ाम व तजवीज केवल ऐसे ही प्राणी कर सकते हैं जो अपनी
पुतलेकीसी प्रवृत्तिको रोक सकते हैं अर्थात् जो इंद्रियोंके
दिन जारी रहनेवाले व्यवहारको रोककर विचारकेलिये समय
निकाल सकते हैं। अतः भेजेकी आवश्यकता केवल उन्हीं
व्यक्तियोंके लिये है जो कार्योंके कारण अर्थात् इच्छाओं पर कम
व ज़्यादा प्रभावित हो गये हों। जैसा साधारणतया ज्ञात है
बहुतसे ऐसे बुद्धिमान स्त्री पुरुष संसारमें पाये जाते हैं जो खास
मौकों पर अपनी बुद्धिको काममें नहीं ला सकते हैं विशेषतया
जब कोई अनिष्ट प्रलोभन उनके सामने मौजूद हो। ऐसी सूरतमें
वह बहुतसे ऐसे कामोंको कर बैठते हैं जिनके लिये वह समय
पाकर विचार करने पर शर्मिंदा होते हैं। मुझे यह ज्ञात होता है
कि इन मौकोंपर बुद्धि और मनकी प्रवृत्तिमें विरोध हो जाता है
और मनकी जीत थोड़ी देरकेलिये हो जाती है। यदि बुद्धिका
कारण भेजेको माना जाय तो ज्ञानशक्तिका इस प्रकार नीचा
देखना कठिनतासे विचारमें आता है जब कि भेजा बराबर
मौजूद हो और बराबर अपना कर्तव्य करता रहे और व्यक्तिको
बनाता रहे। इसके विरुद्ध सब हाल व्यक्त हो जाता है यदि
यह स्वीकार कर लिया जाय। [illegible] अपने साथ वर्तमान
जीवनमें पहलेकी शक्तियां और मन [illegible] और [illegible]

संदेशोंमें दूसरी ओर कितना ही विरोध क्यों न हो लेकिन ई व्यक्ति कभी अपनेको आदमियोंके समूह या कम्पनीको ति नहीं जानता है कि जहां यह पक्षका प्रश्न हो। अनुसंधानसे रेत होता है कि हमारी जानकारीका ज्ञान जिसको हम नता कहते हैं जीवकी एक आन्तरिक ज्ञाता दशा है जिसको नकारीका अनुभव कहना युक्तियुक्त विशेषण होगा, यहां तक मेरा किसी पदार्थका ज्ञान उस पदार्थकी समीपता और सकी जानकारीका अनुभव (feeling) है। इस प्रकार मेरे योंकि ज्ञानमें मेरी अपनी और ज्ञेय पदार्थ दोनोंकी सत्ताका एक ज्ञान शामिल है। जिस किसीने ज्ञान या आत्माको एक र अनुभव समझ पाया है उसको यह बात साफ मालूम होगी कि आत्मा केवल अपनी ही सत्ता या उस सत्ताकी दशाओंके परिवर्तनोंके साथ जो उसमें दूसरोंकी समीपतासे अथवा दूसरोंसे उत्पन्न होती है, ज्ञान कर सकता है। यह कहना ठीक होगा कि मैं दूसरेकी सत्ताको तो ज्ञात कर सकता हूं न्तु अपनीको नहीं। वास्तवमें दूसरेकी सत्ताका ज्ञान स्वयम् के परिवर्तनोंके ज्ञान पर निर्भर है अतः यह कहना कि किसी [illegible] ज्ञाता केवल उसी वस्तुको जानता है, अपनेको नहीं, त है। सत्य यह है कि मेरा किसी दूसरे पदार्थकी सत्ताका [illegible] मुझे मेरे [illegible] [illegible] [illegible] पर [illegible] अतः उस [illegible] मुझे [illegible] [illegible]

यह जानेकी होती; न कि किसी ऐसी वस्तुकी ... जान ही नहीं सकता। असलियत यह है कि बिना किसी के हेतुके, किसी वस्तुकी सत्ता स्वीकार नहीं की जा सकती है। इसलिये जिस पदार्थको कभी कोई जान ही नहीं पावेगा उ सत्ता कभी सिद्ध न होगी। इसलिये आपका 'अनजान' (अज्ञ अर्थात्) चाहे उसको छोटे अक्षरोंमें लिखिये या बड़ोंमें, भद्दी फिलासोफीका हव्वा है जिसने कभी बुद्धिवाले लोगोंको भयभीत बना रक्खा है। प्राकृतिक संसारमें भी यह ज्ञा कि पदार्थोंका प्रभाव एक दूसरे पर पड़ता है और यह इस प्रक जाने जाते हैं कि उससमय भी जब वह इन्द्रियों द्वारा नहीं जा सकते जैसे ईथर (Ether) जो दृष्टिगत नहीं होता है प अपने गुणोंके कारण जाना जाता है। इसलिये यह कहना कोई वस्तु ऐसी है जो कभी नहीं जानी जायेगी ऐसा कह बराबर है कि वह उस अनन्त समयमें जो भूत भविष्यत् वर्तमान साधारण है कभी किसी दूसरे पदार्थसे किसी प्रकारका सम पैदा नहीं करती। परन्तु यह केवल उन्हीं पदार्थोंके लिये सम है जो संसार अर्थात् सत्ताकी सीमाके बाहर हैं। इस हेतु कि पदार्थका कभी किसी दूसरे पदार्थसे सम्बंध नहीं हुआ और हो सकता है यह अवश्य असत्यात्मक है।

इस प्रकार हम अपने पुराने परिणाम पर वापस आते जिसके अनुसार सब पदार्थ जाने जा सकते हैं और जो जीव

तन शक्तिको अपरिमित साबित करता है । अतः हर एक
विज्ञाता स्वभावतः सर्वज्ञ है ।

यदि यहां तक आपने मेरे व्याख्यानको समझ लिया है तो
आप इस बातको भली प्रकार जान जायेंगे कि प्रकृतिवादियोंका
विचार जो एक प्रकृतिके परमाणुमें कल्पित चेतनाके प्रारम्भिक
अंशसे मानुषिक चेतनताको गढ़ना चाहते हैं कितना झूठ है ।
हम जानते हैं कि बुद्धिकी तीव्रता, मनके धुंधलापन मैल और
सुस्तीके हटानेसे होती है और यह धुंधलापन इत्यादि एकसे
अधिक पदार्थोंके मिलनेसे उत्पन्न होनेवाले संयुक्त पदार्थोंमें ही
सम्भव हो सकते हैं कि जहां एक वस्तु दूसरी वस्तुके गुणोंको
गन्दा और खराब कर देती है । परन्तु प्राकृतिक परमाणुमें मानी
हुई चेतनाके साथ कोई धुंधला करनेवाला कारण लगा नहीं
हो सकता है क्योंकि परमाणु एक असंयुक्त अखण्ड पदार्थ
है । इसलिये यदि चेतनाको परमाणुका गुण माना जाय तो
परमाणुमें रहनेवाली आत्माको तीव्र बुद्धिवाला होना चाहिये
यह युक्ति प्राकृतिक परमाणुओंकी चेतनाको नितांत झूठा साबित
करती है । मैझेकी चेतनताका ख्याल भी जीवकी समझ और
ज्ञानकी शक्ति पर लिहाज करते हुये इससे अच्छा नहीं ठहरता
यदि कोई पुरुष इस बात पर जरा ठहर कर विचार करेगा कि
ज्ञान अर्थात् प्रत्यक्ष ज्ञान अन्वेषण वर्गीकरण किस्म बंदी
मुकाबला तुलना अनुमान अथवा विचार इत्यादि इन्द्रि और

का भाव क्या है तो मैं आशा करता हूं कि यह
(Bowne) की निम्नलिखित युक्तियुक्त सम्मति
त होनेसे इनकार न करेगा (Bowne's
०७-४१०)—

मनको एक मोमकी तख्तीकी भांति मान लेनेसे,
दार्थोंको उस पर अङ्कित होते हुये खयाल
सामान्यतः प्रतीत होता है कि हमको बड़ी
ाती है। किन्तु उसी समय तक जब तक कि हम यह
हीं करते हैं कि यह तख्ती कहां है और उस
र्यों कर अङ्कित होते हैं और यदि ऐसा हो भी तो
ान क्यों कर प्राप्त होता है ? अनुभव और
ात्कालिक पूर्वज भेजेकी नाडियोंके परिवर्तन हैं।
जगतका जो कुछ हाल हमें ज्ञात है वह सब इन
तबदीलियोंसे है परन्तु यह तबदीलियां, उन
नका कारण माने गये हैं नितान्त दूसरे ही भांतिकी हैं।
यदि हम मनको प्रकाशमें और बाह्य पदार्थों पर
सोचें तो खयालको कुछ संतोष सकेगा। परन्तु
हम जानते हैं कि मन खोपड़ीकी अंधेरी कोठरीमें
अगम्यसे साक्षात् करता है और तिस पर भी पदार्थोंके पास
नहीं आता किन्तु कुछ नाडियोंकी तबदीलियोंके समीप
आता है जिनसे मनासे विशेषत वह नितान्त अनभिज्ञ है

तो यह विदित है कि बाह्य पदार्थ बहुत दूर हैं। चित्रों और मानसिक अङ्कों इत्यादिका कथन यहां सब निरर्थक हो जाता है। क्योंकि जिन पदार्थोंमें चित्रोंका प्रश्न उठा करता है उनकी सत्ता ही यहां असम्भव है। यह भी साफ नहीं है कि हम अंधकारमेंसे किसी भांति प्रकाश और सत्य संसारमें पुनः प्रवेश कर सकेंगे। हम प्राकृतिक विज्ञान और इन्द्रियों पर पूरा २ भरोसा रख कर अन्वेषणमें संलग्न होते हैं और तत्काल बाह्य पदार्थसे एक नसोंके चक्करमें पड़ जाते हैं कि जहां पर बाहरी पदार्थके स्थान पर नाड़ियोंके परिवर्तन रह जाते हैं जो अपनी सत्ताके अतिरिक्त और किसी पदार्थके सदृश नहीं है। अन्ततः हम अपने तई खोपड़ीकी अंधेरी कोठरीमें पाते हैं। अब बाह्य पदार्थ नितान्त अदृष्ट हो गया और ज्ञान अभी प्राप्त नहीं हुआ है। कट्टरसे कट्टर प्रकृतिवादियोंके खयालसे भी बाह्य पदार्थोंकी जानकारीका यन्त्र केवल नाडियोंका परिवर्तन है। परन्तु इन परिवर्तनोंको बाहरी संसारके ज्ञान रूपमें बदल देनेकेलिये यह आवश्यक है कि हम एक अनुवादक नियत करें जो इन परिवर्तनोंके भावको समझ सके। परन्तु वह अनुवादक भी स्वयम् ऐसा हो जो संसारका भाव अपनेमें रखता हो। और यह परिवर्तन अथवा चिन्ह वास्तवमें एक प्रकारकी क्रिया है जो जीवके आन्तरिक ज्ञानका प्रकाश करती है। चूंकि सर्व

अवधानके वर्तमान समयके साथ न दौड़ने और उसके व्यतीत होते हुये समयपर क्षण भर रुक जाने या भूत कालकी ओर आकर्षित होनेसे प्राप्त होती है। अब यह जानना उचित है कि स्मरण शक्ति बनी बनाई तसवीरों या फोटूके चित्रोंकी भांति नहीं है क्योंकि न तो भेजे हीमें और न शरीरके किसी और लहर्में किसी स्थान पर कोई तसवीरखाना या फोटूकी एलबम (चित्रोंके रखनेकी किताब) नहीं है वह स्वाभाविक शक्तियोंकी भांति है जिनसे ऐन्द्रिय प्रत्यक्ष पुनः नवीन बन सकता है इस लिये ऐन्द्रिय प्रत्यक्षके गुणों (चिन्हों) से ही स्मरणके विशेष होना भी पता चल सकता है। किन्तु ऐन्द्रिय प्रत्यक्ष तो वह आन्तरिक अनुभव है जो वाह्य उत्तेजकके दृष्टाकी चेतना पर पड़नेवाले प्रभावसे उत्पन्न होता है। इसलिये स्मरण भी पूर्व अनुभूत ऐन्द्रिय प्रत्यक्षका पुनः निर्माण-कर्ता है, यद्यपि वह इस समय आन्तरिक उत्तेजन क्रियासे उत्पन्न होता है। शरीरके वह भाग जो ऐन्द्रिय दर्शनमें क्रियावान होते हैं नाड़ियोंके जाल या भेजेके दर्शनसम्बन्धी स्थान हैं जहां कि अनुभव शक्ति विशेषतया तीव्र होती है। भेजेके इन दर्शनसम्बन्धी स्थानोंके समभकर सम्बन्धमें दो प्रकारके कार्य हैं।

१.- ऐन्द्रिय ज्ञानमें वह वाह्य उत्तेजक क्रियाको आत्मा तक पहुंचाते हैं।

२- स्मरणमें वह आन्तरिक मानस्य क्रियाको ज्ञानेन्द्रिय

तब मन एक इन्द्रियसे जुदा होता है तो दूसरी इन्द्रियोंका
त्तेजक आवेग (Sensory stimulus) उस तक नहीं
ह पाता है। परन्तु जब यह खिंचाव या तनाव ढीला पड़
ा है तो जीवन क्रियाके बहावका समय अथवा ताल बदल
ा है और मन्द २ क्रियाएं व थकेपे (अन्तर-Rest)
स्थित हो जाते हैं यह क्रियाएं और आन्दोलन भेजेके दर्शन-
बंधी स्थानोंकी सहायतासे स्मरणको पुनर्जीवित करते हैं जो
ृतत्त्वभाषामें Reproduction (शब्दार्थ, फिर निर्माण करना)
ाता है। दूसरे शब्दोंमें यह कहना उचित होगा कि स्मरणमें
ाजक और आन्दोलन क्रियाएं मनके अन्दरसे आती हैं
र ऐन्द्रिय उत्तेजनें बाह्य पदार्थोंसे। दोनों अवस्थाओंमें भेजेके
ान केवल ऐन्द्रिय दर्शनका वस्ता संचरित करते हैं जैसा कि
हिले कहा गया है। अतः स्मरणके रोग दो प्रकारके हो
कते हैं। या तो वह अवधान (ध्यान) के अमुक २ आन्दो-
नों अथवा क्रियाओंको स्थापित करनेमें असमर्थ रहनेसे
पन्न होंगे या भेजेके घाव इन क्रियाओंको दर्शनरूपी वस्त्रोंसे
वित रक्खेंगे। परन्तु इसका भाव यह नहीं है कि स्मरणका
कृति (पुद्गल) से नितान्त कोई सम्बंध ही नहीं है। यह
चार कि स्मरण और प्रकृतिमें कोई सम्बंध नहीं है इतना ही
थ्या होगा जितना यह कहना कि स्मरण केवल प्राकृतिक
[illegible] है [illegible] स्मरणके आन्तरिक

...ता होनेसे हमारी स्वतंत्रताका अनुभव बढ़ता जाता है
...र हर्ष अधिक अधिक होता है। इसलिये ऐसा कहनेमें कोई
...देह नहीं है कि जितना स्वतंत्रताका अनुभव ज्यादा होगा
...नी ही आनन्दकी लहर अधिक बढ़ेगी। यहां तक कि सब
...ार के बंधनों, भावों और इरादोंसे पूरी स्वतंत्रताका प्राप्त
...ना सबसे अधिक कभी कम न होनेवाले और कभी न
...जानेवाले समाधिकी आत्मिक सुखका कारण होगी। अतः
... यह परिणाम निकालते हैं कि जीव स्वयं आनन्द और
...स्वादका सोता, निवास व निवासस्थान है और उसके
...नन्दका स्रोत कभी नहीं सूख सकता है। इसका कारण यह है
... कि यह हर्ष जो हमारे अंदरसे पैदा होता है खुद हमारी ही
...त्माका गुण है। क्योंकि आत्मा जैसे अखंड और असंयुक्त
...व्यके सम्बंधमें 'अंदर' का भाव और कुछ हो ही नहीं सकता है।
...र चूंकि द्रव्य और उसके स्वाभाविक गुण या विशेषण नित्य
...ते हैं इसलिये यह असम्भव है कि यह आनन्द जो आत्माका
...गुण है हमेशा सम्पूर्णतया अपने रोकनेवाले कारणोंके नाश
...होकर प्राप्त होनेके पश्चात् कभी कम हो सके।

पर हम इस बातको समझ सके हैं कि इच्छायें और
[illegible] होकर [illegible] इनके [illegible] मनकी शांति और
[illegible] नष्ट हो जाते हैं, क्यों [illegible] है [illegible]
और उसके निमित्त यह कहना है कि यह आत्मासे बाहर [illegible]

योंसे उत्पन्न होते हैं और इस कारण हमारे जीवनकी दशायें हैं। यदि इसके विपरीत होता अर्थात् दुःख, हमारी सत्ताके गुण होते तो यह हमारी और कषायोंके हलका और मंद पड़जाने पर उत्पन्न होते क्योंकि जो पदार्थ किसी वस्तुका गुण है वह स्वयं विना कारणके ही अपने रोकनेवाले कारणोंके हटजाने पर हो जाता है। रंज और कष्ट दोनों वाह्य कारणोंसे, निम्नलिखित दो प्रकारके हैं, पैदा होते हैं।

(१) अनिष्टसंयोग अर्थात् मिलाप ऐसी वस्तुसे जो ग्राही नहीं है।

(२) इष्टवियोग अर्थात् पृथकता ऐसे पदार्थसे जो ग्राही और रोचक है।

दुःख और रंज किसी दशामें उस समय नहीं पैदा होते हम अपनी सत्तामें स्थिर हों अर्थात् इन कारणोंमेंसे दूसरेके निमित्तके विना नहीं उत्पन्न होते। वास्तवमें कि शारीरिक दुःखका सम्बन्ध है वह प्राकृतिक प्रकारकी वस्तुओं व प्राकृतिक तत्वोंके वाहमी (आपसके कीमियाई कर्म्मका जो शरीरमें होता रहता है प्रभाव है, न जीवके अन्दरमें कोई स्वयं उत्पन्न होनेवाला पदार्थ।

उपरान्त व्याख्यासे हम यह कहनेके अधिकारी हैं कि

आनंदका कोष है जिसको वह बाह्य पदार्थोंसे प्राप्त करनेका
क प्रयत्न करता है।

फिर क्या कारण है कि जीव अपने इस स्वाभाविक आनं-
ा अनुभव नहीं कर सकता है? इस जटिल प्रश्नका उत्तर
है कि हमारी त्रुटियों और मूढ़ताके कारणसे जीवात्माके
भाविक गुण कार्यहीन हो गये हैं।

जिस हद तक कि इन त्रुटियों, मूढ़ता या कषायमयकी
में हानि होती है उस हदतक जीवके स्वाभाविक गुण प्रकट
हैं। वास्तवमें जीवात्मा पूर्णानन्द और सर्वज्ञताका अनुभव
गा जब कि वह शक्तियां जो इससमय इन गुणोंको रोके हुये
नितान्त नष्ट हो जावेंगी। और अमरत्व भी जीवके उन
रियों पर विजयी होने का पारितोषिक होगा।

जीवको सर्वज्ञ, सुख और अमरत्वका स्वामी कहना उसको
यं खुदा या ईश्वर (ब्रह्म) कहना है क्योंकि ईश्वरकी सत्तामें
ो बड़े गुण यही पाये गये हैं इसले पवित्र इंजीलके इस
ाक्यका कि "वह पत्थर जिसको मेमारोंने रद्दी समझकर
क दिया निखरका सरताज हुआ है" (देखो जबूर ११८ आयत
२ व मत्तीकी इंजिल बाब २१ आयत ४२) पूरा समर्थन
ाता है।

वास्तवमें वही पत्थर आत्मा जिसको मेमारों (प्राकृतिक
ज्ञान बनानेवालों) ने फेंक दिया था सब विज्ञानका ताज साबित

तब यह प्रकृतिके लगायका प्रभाव है अवस्थाओंका जिम्मेवार है जो एक पवित्र आत्मामें नहीं क्योंकि विविध द्रव्यों या तत्वोंके आपसमें मिल कर आनेका परिणाम उनके असली गुणोंका सीमित हो एव जाना ही हुआ करता है जैसे हाइड्रोजेन जेन जो नैसर्गिक दो प्रकारकी वायु है परन्तु जब एक हो जाती है तो इनके स्वाभाविक गुण में परिवर्तित हो जाते हैं। परंतु इस प्रकार नहीं हो सकते हैं। पदार्थोंके पृथक् होने पर यह पुनः पूरे समर्थताको प्राप्त हो जाते हैं (देखो इंडियन रिव्यू पत्र १५५)। गौर करनेसे ज्ञात होता है कि अपवित्र अपने ज्ञान, दर्शन व आनन्दके असीमित गुणोंका पूरा नहीं उठा सकता है जिससे प्रकट है कि इन गुणोंको घाली शक्तियां उसके साथ लगी हुई हैं। इस प्रकार किसकी शक्तियोंका पता चलता है। अर्थात्

१-यह शक्ति जो ज्ञानको रोकती है (यह कहलाती है)।

२-यह जो दर्शनको रोकती है (दर्शनावरणीय) और

३-यह शक्तियां जिनके कारण वास्तविक आनंदके सांसारिक दुख सुखका अनुभव हुआ करता है (वेदनीय)

इनके अतिरिक्त विचार करने पर एक और शक्तिका

जता है जिसके प्रभावसे सच्चा धर्म्म (अर्थात् साइन्टिफिक यार्थ सत्य) हृदयग्राही नहीं हो सकता। यह दो प्रकारकी है। क तो सत्यको हमें स्वीकार ही नहीं करने देती और दूसरी वह ो सत्यके स्वीकार होने पर भी हमें उस पर कर्तव्यपरायण ानेसे रोकती है। इनमेंसे प्रथम प्रकारकी शक्तियोंका भाव पक्ष- ात, हठधर्मी, मिथ्यात्व और उन तमाम बुरेसे बुरे (अनंतानुबंधी) षायों (क्रोध मान माया लोभ) से है जिनकी तीव्रता व न्मत्तताके कारण बुद्धिको, जो एक ही यन्त्र सत्यान्वेषणका है, त्यताके खोजका अवसर ही नहीं प्राप्त होता है। और दूसरे कारकी शक्तियोंमें अनंतानुबंधी प्रकारके अतिरिक्त और अन्य कारके बुरे कषाय (क्रोध मान माया लोभ) सम्मिलित हैं जो ैर्य्य और वीर्यके नाश करनेवाले हैं और उन पदार्थोंके ग्रहण रनेमें बाधक होते हैं जिनको हम लाभकारक और उत्तम जानते और कुछ छोटे २ दोष (नोकषाय) जैसे हँसी रति इत्यादि शारीरिक आदतें व कामनाएं भी जो मनको काबूमें लानेमें ाधक होते हैं। यह सब मोहनीय कर्म्म कहलाते हैं इनके दो कार हैं।

१—दर्शनमोहनीय, जिनकी उपस्थितिमें सत्य धर्म (दर्शन) प्राप्त नहीं हो सकता है। और

२—चारित्रमोहनीय, जो सत्य धर्मको तो प्राप्त हो जाने देते हैं किंतु उस पर कर्तव्य परायण नहीं होने देते हैं।

७-ब्रह्मचर्य अर्थात् अपनी स्त्रीसे भी पृथक्ता करना

८-आरम्भ त्याग अर्थात् सब प्रकारके धन्धों और

व्योपारसे सम्बन्ध त्यागना ।

९-धनका छोड़ना अर्थात् अपनी सब सांसारिक

स्त्री पुत्रों इत्यादिको दे डालना ।

१०-सांसारिक मामलातमें सम्मति देना भी बंद करना

(अनुमतित्याग) ।

११-भोजनके निमित्त अपने ऊपर और भी कैद

अर्थात् केवल एक बार भोजन करना और वह भी

आदरके साथ बिना न्योता दिये हुये और खानेके समय

और कपड़ोंमें केवल लंगोटीका रखना ।

ग्यारहवें प्रतिमाके पूर्ण होनेपर मुमुक्षु सन्यास

पहुंच जाता है और घरबाररहित तपस्वी साधु हो

यह दर्जे कर्म व गुणोंके आरम्भ तक पूर्ण होते हैं

३४ वर्गोंकी आयुके दर्जेमें (आत्म ध्यानके समयके लिये

[illegible]

इस्मार्गमें कोई ऐसा कार्य नहीं है जिसको मनुष्य नहीं कर
है यदि वह एक बार अपनी हिम्मत उसके करनेकेलिये
े। यदि पूर्ण कृतकृत्यता हमको तत्काल नहीं भी मिले तो
न्तु हो जानेसे परिश्रम निरर्थक नहीं जाता है। ज्ञान और
सका उत्तम फल जीवके साथ एक जन्मसे दूसरे जन्म
र कार्माण शरीरके उत्तम प्रकारके परिवर्तनोंके रूपमें जाता
और आगामी जीवनके शरीर संबन्धोंके निर्माणमें पूरा
लेता है। तब मनका उत्साह और प्रसन्नता ही आवश्यक
हैं, सत्य ज्ञानके प्राप्त होनेपर कृतकृत्यताके लिये है। यदि
ी कुशल कानूनवेत्ताको जब कि वह गोदके बच्चेकी दशामें
इन पुस्तकोंकी संख्या, जिनको उसे बादमें पढ़ना होगा, बताई
ो और उसको उसपर विचार करनेका समय दिया जाता
निश्चय है कि वह भयसे मृत्युको प्राप्त होगया होता। परन्तु
र मध्य बहुतसे ऐसे पुरुष हैं जिन्होंने केवल कानूनहीमें नहीं
(और विषयों और शिल्पोंमें भी ख्याति प्राप्त की है। और
भी नहीं है कि मोक्षके पथिकके मार्गमें केवल कष्ट और
ही हों। यह सत्य है कि कुदरतमें गुलाबका फूल बिना
के नहीं मिलता है, परन्तु यह भी इतना ही सत्य है कि कोई
ाली कांटा भी कुदरतमें ऐसा नहीं है जो फूल तक हमको
पहुंचनेदेगा यदि हमको उसके अन्वेषणार्थ। [illegible] आवे और
उसको तलाशमें कर्तव्यपरायण [illegible]। यदि आप [illegible]

तो कभी नहीं विस्मरण करना चाहिये कि सत्य आत्मज्ञान चरित्रका मूल अर्थात् नित्य जीवनके सदैव हरे रहनेवाले का असली बीज सम्यग्दर्शन है, जिसके निमित्त रत्नकरंड-श्रावकाचारमें जो एक बहुत प्राचीन शास्त्र है ऐसा कहा है:—

"तीनों लोक और तीनों युगोंमें जीवोंका सम्यग्दर्शनके बराबर कल्याणकारी कोई दूसरा नहीं है और न मिथ्यात्वके सदृश कोई अकल्याणकारी है। शुद्ध सम्यग्दृष्टि जीव, कान्ति, प्रताप, विद्या, वीर्य, कीर्ति, कुल, वृद्धि, विजय और विभवके स्वामी, कुलवान, धर्म अर्थ काम मोक्षके साधक और मनुष्योंमें शिरोमणि होते हैं। सम्यग्दृष्टि जीव स्वर्गोंमें तीर्थंकर भगवानके भक्त होते हैं, और आठ प्रकारकी ऋद्धियोंसे तुष्टायमान और अतिशय शोभायुक्त होकर देवों और देवांगनाओंकी सभामें बहुत समय तक आनंद भोगते हैं। निर्मल सम्यग्दृष्टि पुरुष सम्यक्त्वके प्रभावसे चक्रवर्ती राजा होते हैं जिनके चरणोंपर सब राजा मस्तक झुकाते हैं, और जो नौ निधियों चौदह रत्नों और छै खंडोंके स्वामी होते हैं। सम्यक्दर्शन ही है शरण जिनकी ऐसे जीव जरा-रहित, रोगरहित, क्षयरहित, बाधारहित, शोक भय शंकारहित परम प्रकर्षताको प्राप्त हुआ है सुख और ज्ञानका विभव जिसमें ऐसे और कर्ममलरहित मोक्ष पदको प्राप्त होते हैं। जिनइष्टी है भान जिसके ऐसा भव्य मोक्षगामी)

असहमत-

जीव अपरिमित देवेंद्र समूहकी महिमाको और ...
मस्तकसे पूजनीय चक्रवर्तीके चक्रको तथा नीचा ...
तमाम लोक जिसने ऐसे तीर्थंकर पदको पाकर ...
पाता है।"

अतः केवल यह कहना शेष रह गया है कि जो ...
आजके व्याख्यानमें हमने निकाले हैं यह सब जैनि...
सम्मिलित हैं जो विज्ञानसे नितांत सहमत पाया जाता है।
बहुतसे परिणामोंको हम अन्य धर्मोंमें भी पावेंगे ...
अन्वेषणका समय आवेगा ।

चतुर्थ व्याख्यान।

दार्शनिक सिद्धांत।

आजके व्याख्यानका विषय दार्शनिक सिद्धान्त (Metaphy-sics) है। इसमें कुछ संशय है कि इस शब्दका यथार्थ अर्थ क्या! परन्तु प्रारम्भमें यह अरस्तुके सैद्धान्तिक विषयमें व्यवहृत किया गया था जो उसकी लिखित पुस्तकोंके संग्रहमें पदार्थ ज्ञान (Physics) की पुस्तकके पश्चात् व्यवस्थित था। परन्तु इस शब्दका भाव कुछ भी क्यों न हो मेरे विचारमें, हम बिना किसी संशयके उसका संबंध उस ज्ञानसे कर सकते हैं जो पदार्थ ज्ञान (Physics) से उपरान्त है। अस्तु। फिजिक्स तो सत्तात्मक (विशेष) पदार्थोंके ज्ञान से सम्बन्ध रखता है और मेटा-फिजिक्स उनके भेद और संबंध स्थापित करता है एवं अन्ततः उनको एक व्यवस्थित योग्य ज्ञानके तौर पर तरतीब देता है। जैसा हम पहले कह चुके हैं सिद्धान्त और विज्ञानका जोड़ा है अर्थात् उनका आपसका [illegible] लोगोंका सहायक है। कारण कि विज्ञान [illegible] को [illegible] समस्याओंसे बचनेके हेतु यह आवश्यक है कि वह [illegible] को पूर्ण रूपमें समान करनेका प्रयत्न करे [illegible] सिद्धान्तका चाहिये कि

यह प्रकृतिके नियमोंका रंचमात्र भी साथ न छोड़े ताकि हम
विरुद्धतासे जो विचारावतरण और यथार्थ प्राकृतिक विचारों
मध्य पाई जाती है बच सकें। अतः मेटाफिजिक्स वह ज्ञान
जो अनुभूत घटनाओं पर विचार करनेकी कार्रवाई या
फल है जो अपने अन्तिम स्वरूपमें एक सम्पूर्णरूपेण
ज्ञान है जो समस्त पदार्थोंका बोध करानेको समर्थ हो
इस कारणवश उच्चतम उद्देशके हेतु व्यवहृत किया जा सके।
यह व्याख्या हमारे अर्थमें अत्यन्तावश्यक है कारण कि
हम समय हर प्रकारके मानसिक विचारावतरणसे कोई
नहीं है। हमको सुतरां केवल उस विचारसे गरज है जिसका
सम्बन्ध किसी न किसी प्रकारसे धर्म हो। हमारा कोई
मानुषिक विचारावलीके इतिहास लिखने अथवा धर्मके
में विविध देशों और भाषाओंके विद्वानोंकी सम्मतियोंको
चित करनेसे भी नहीं है। और न हमें इतना अवकाश ही
है। इस प्रकारका प्रयत्न केवल हमारी वर्तमानकी आवश्यकता
ओंसे असंबंधित ही नहीं होगा वल्कि उसके लिए इतना
समय और श्रम होगा जो इस व्याख्यानके विषय और व्याख्या
ताकी योग्यताके बाहर है।

अत हम अपनी खोजको व्यावहारिक ...
समस्याओं तक मर्यादित रक्खेंगे अर्थात उन दर्शनोंतक
... समस्त ... है। और उनमेंसे भी हम किसी

कि वेदांती लोग उसका मन्तव्य लगाते हैं। आत्माको ... होनेका अनुभव होने ही मुक्ति तुरन्त प्राप्त होती है। वेदान्तका सिद्धान्त "यह तू है" है न कि "यह तू हो ... प्रम ज्ञानकी प्राप्तिके साथ ही साथ जीवात्मा ... जाता है (Deussen)।

वेदान्तकी मुख्य शिक्षा निम्नप्रकार है—

(क) संसारका मायारूप होना।

(ख) केवल एक पदार्थ या आत्माका सत्य ...

(ग) ज्ञानद्वारा मुक्तिका प्राप्त होना।

इनमेंसे प्रथम विषयके बारेमें यह लिखना उचित होता है कि अनुमान या न्याय (Logic) में कुछ ... नियम मानने पड़ते हैं और हमारे लिये दार्शनिक ... प्रयत्न करना अब तक कि हम उनको स्वीकार न करें, ... यह सिद्धांत एस० एन० बनर्जीद्वारा रचित न्यायकी ... सी पुस्तिकामें जिसका नाम "ए हैंड बुक ऑफ ... लोजिक" है, योग्यताके साथ वर्णित हैं, और इसप्रकार ...

(१) यह कि हमारे मनसे पृथक् एक पौद्गलिक (... ... नस र है।

... कि हमारा मन पदार्थोंका ठीक २ ... मन ... ही है जैसे वह ... है

: रचयिताके यथार्थ उद्देश्य तक नहीं पहुंच पाया ! आपको
दर्शनके स्थापक कपिल मुनिके बताए हुए तत्त्वोंका स्मरण
। तो भी आपकी सुगमताके लिए मैं उनको यहांपर पुनः
देता हूं:—

र (१) प्रकृति

क्ष (२) अव्यक्त

महत (३)

अहंकार (४)

सत्वके साथ — तमसके साथ

ज्ञानेन्द्रिय (६–१०) } मन (५) { पञ्च कर्मेन्द्रिय (११–१५)

शब्द (१६) स्पर्श (१७) रूप (१८) रस (१९) गंध (२०)

आकाश (ईथर) (२१) वायु (२२) अग्नि (२३) जल (२४) पृथ्वी (२५)

आपके सामने यह नकशा उपस्थित है जिसमें तत्त्वों और
उनके स्वरूपोंका क्रम लिखित है जो महत (३) से प्रारंभ होता
, क्योंकि पहिले दो तत्त्व अनादि हैं। कपिल मुनिके मतानुसार

(१) बुद्धिका प्रकाश होना।

(२) उस बुद्धिमें अहंकार अर्थात् मैं के संकल्पका उठना।

(३) मैं अर्थात् मन, व ज्ञान व कर्म इन्द्रियोंकी वृत्तियों और गुणोंका विकसित होना।

(४) इन्द्रियोंका उत्तेजित होना अर्थात् ऐन्द्रिय दर्शन या वेदना रस गंध आदि।

(५) ऐन्द्रिय वेदनाओंकी सामग्री रस गंध इत्यादिके सूक्ष्म तन्मात्राओंका पंच स्थूल भूतरूप जिनके पदार्थ बने हुए हैं परिवर्तित होकर बाहरकी ओर डाले जाना।

यदि आप मायावादियोंके इस मतको अपनी दृष्टिमें रखके यह संसार देखनेवालेके मनमें है और उसके पदार्थ ऐन्द्रिय वेदना ही हैं जिनको हम मनद्वारा जानते हैं तो आपको कपिलका सिद्धान्त समझनेमें कोई विकट ज्ञान नहीं होगी। हम इनके तत्वोंकी अवस्थाओंकी तुलना साथसाथ लिखकर उससे करें जिससे यह विदित होता है कि कपिलमुनिने सोकर उठते हुए मनुष्यको संसारका ज्ञान होना माना है:—

सोकर उठता हुआ मन	संसारका उद्भव
(१) जाग्रत और सुप्तावस्थाका अन्धकार प्रकट होना।	(१) संसारकी सृष्टि और नाशका अन्धकार प्रकट होना।
(२) सुप्तावस्थामें चेतनका नाश नहीं होता है सुतरां यह कोई	(२) प्रलयमें पुरुषका नाश नहीं होता है बल्कि संसारका

असहमत-

दर्शनीय पदार्थ नहीं होता है।	कौतुक बन्द हो जाता है। अतः कोई दर्शनीय पदा नहीं रहता है।
(३) जागने पर पहिले पहिल बुद्धिका प्रकाश होता है	(३) संसार क्रममें सर्व प्र महत (बुद्धि), प्रकाश होती है।
(४) बुद्धिसे अहंकारकी उत्पत्ति होती है।	(४) फिर महत् अहंका रूपान्तरित हो जाती है
(५) अहंकारसे 'मैं' का कार्या-लय अर्थात् मन व ज्ञान व कर्म इन्द्रियां विकसित होती हैं।	(५) अहंकारसे मन व प ज्ञानेन्द्रियां व पांच कर्मेन्द्रि अर्थात् हाथ पैर आदि बने
(६) तब ऐन्द्रिय दर्शन (चेत-नताका भान) होता है।	(६) अहंकार इन्द्रिय अर्थात् शब्द, स्पर्श, रूप, र गंधमें परवर्तित हो जाता
(७) ऐन्द्रिय दर्शनकी सामग्री बाहिरी मूर्तिक संसाररूपमें परि-वर्तित हो जाती है।	(७) इन्द्रियज्ञान श गंध आदिके सूक्ष्मतत्व ओंका पंच स्थूल भूत अ आकाश, वायु, अग्नि, और पृथ्वीमें परिवर्त आता है जिनका यह सं बना है।

ना असंभव हो तो उतना ही असंभव उसको असत्का
ादित करना होगा। और यदि स्वप्न अथवा भ्रमका दृष्टांत
या जावे जो मृगतृष्णा अथवा नटविद्या (इन्द्रजाल) में
प्त हुआ हो तो यह मानना पड़ेगा कि स्मरण शक्तिके अनु-
र स्वप्न भी पहिलेकी देखी हुई वस्तुओंके दृश्यके तर्क हैं
र भ्रममें भी हम किसी वस्तुका भ्रम करते हैं। यहां तक कि
ात्मिक ज्ञान सत्यज्ञानसे सदैव दूर हो सक्ता है" (सि०
० फि० पृ० ४२९)।

गौतमका वचन है कि ज्ञानका संबंध मन और इंद्रियोंसे
ीं है सुतरां आत्मासे है। वह आवागमनके सिद्धांतको
ीकार करता है। और राग, द्वेष एवं मूढ़ताको प्रधान दोष
मझता है। जिनमेंसे मूढ़ता निकृष्ट है। पुण्य पापके अभावमें
रीरसे जीव पृथक् हो सक्ता है। गौतमके सिद्धांतमें ईश्वरको
ावश्यता गौणरूपमें है। उसकी सत्ताकी आवश्यका केवल
ावागमनमें पड़े हुए अनंत जीवोंको उनके कर्म्मोंका फल देनेके
िए है।

न्यायके तत्त्वोंमें मानके यथार्थ तत्त्व, जिनको हम धर्मकी
ैज्ञानिक खोजमें स्थापित कर चुके हैं, नहीं पाए जाते हैं और
ो उनमें मोक्षके स्वरूपका ही वर्णन है जो यथार्थ उद्देश्य है।

कणादका वैशेषिक दर्शन भी विशेषतया न्यायकी बहिन
है। उसमें कोई विशेष उल्लेखनीय बात नहीं है जो अन्य स्थान

चारसे यह सिद्धान्त माननीय है यद्यपि उसके स्वीकार करनेमें
ह हद तक चेतावनी अवश्य करनी पड़ेगी। इसके विपरीत यह
ह और बात विशेष उल्लेखनीय है कि भारतमें महमूद गजनवीके
ह्मलोंके और पश्चात्के अन्य मुसलमान बादशाहोंके आनेके
मयके लगभग वर्तमान कालकी निस्बत बहुत ज्यादा योगी
ौर महात्मा पाए जाते थे। मैं इसको मान लेता हूं कि प्रारम्भिक
ुसलमान आक्रमणकारियोंसे हिन्दुओंको हृदयसे ग्लानि थी। और
दि योगमें कोई विघ्न उनके विध्वंस करनेका होता तो मुस-
लमानोंकी सफाई करदी गई होती। परन्तु योग उससमय हर
पसे ध्वंसहीन हुआ! उसके कुछ शताब्दियोंके पश्चात् जब सि
ी और सूअर दोनोंका मांस खानेवाले ईसाई लोग भारतवर्षमें
आए तब भी योगविद्या पतनहीन रही! और इससमय अकेले
ही नहीं वरिक मुसलमान दरवेशोंको उपासनाके मार्गमें! मुझे
इसका अनुभव बहुत कम है परन्तु जो कुछ मैंने स्वयं
देखा है और इसके संबंधमें पढ़ा है उससे मैं इस निर्णय पर
पहुंचा हूं कि भूतकालीन प्रथाओंके एक विशाल विभागको
'मनरूबः' [illegible] करनेके लिये कोई विशेष कारण
प्रतीत नहीं होते हैं। परन्तु मैं इन शब्दोंके स्थानपर अन्य शब्द
व्यवहार भी नहीं करना चाहता हूं [illegible] अद्भुत
[illegible] नहीं है
[illegible]

चंचलताको रोकनेका उपाय है। और बहुतमें
इसका रंचमात्र भी उल्लेख नहीं है।
विशेष ध्यान नहीं दिया गया है।
समाधि अंतरंगसे संबंधित है और इच्छाओं एवं
निरोध करनेसे प्राप्त होती है। पतञ्जलि मुनिने
भी वर्णन नहीं किया है जिससे शुद्ध
है। जिन महाशयोंको इस संबंधमें जाननेकी इच्छा हो
'की ओफ नोलेज' नामक पुस्तकके १३ वें अध्यायका
करना योग्य है कि जहांपर सम्पूर्ण विषय पूर्णरूपेण
अब मेरे पास इतना अवसर नहीं है कि मैं यहांपर
विषयका विस्तारसे वर्णन कर सकूं।

अब मैं 'योगदर्शन' के विशेष चित्ताकर्षक विषयों
करता हूं जिसका संबंध अद्भुत शक्तियोंकी प्राप्तिसे
विचार है कि आपमेंसे कुछ महाशयोंको इस बातके
उत्कट इच्छा होगी कि देखें इस विषयपर खोज
निर्णय क्या होता है ? परन्तु, महाशयो ! मैं कानूनका
और कानूनके ज्ञाताओंका चित्त स्वभावतः सुनी सुनाई
मानलेनेके विपरीत होता है। तब भी 'विभिन्न धर्म
सिद्धान्तोंकी कथाओंका एक विशाल ढेर है जो निःसं
बातको साबित करता है कि कुछ अद्भुत शक्तियां,
शीलता व तपस्याका जीवन व्यतीत करनेसे प्राप्त होती

स बातको समझानेके लिए जैमिनि यह मानता है कि
र्म फल अर्थात् कोई अदृष्ट वस्तु या कर्मसे एक प्रकारकी
श्चात् अवस्था अथवा फलकी एक अदृष्ट पूर्व अवस्था
। जो एक सनातनी अपूर्व अवस्था है और जो शुभ कर्मोंसे
त्पन्न रहनेवाले फलको व्यक्त करती है और यह यह
ी कहता है कि यदि हम परमेश्वरको स्वयं पुण्य पापके
कूल सुख दुःख देनेवाला मान भी लेवें तो हमको उसे विशेष
र अत्याचार और पक्षपातका दोषी ठहराना पड़ेगा।
अस्तुः यह विशेष योग्य प्रतीत होता है कि यह मान लिया
जावे कि शुभ या अशुभ सब कर्म अपना अपना फल देते
हैं अथवा अन्य शब्दोंमें संसारके नैतिक प्रबंधके लिए किसी
ईश्वरकी आवश्यकता नहीं है (सि० नि० कि० पृ० २११)।
मेक्समूलर कर्मोंकी स्वयं फलदायक व्यवस्था पर विवेचन
ते हुए लिखते हैं कि:—

"— जैमिनि ईश्वरको संसारमें अन्यायका उत्तरदायी
होने नहीं ठहराता है और इसलिए प्रत्येक वस्तुको कारण
कार्यके सिद्धांत पर अवलम्बित करता है और संसारकी
[illegible] अवस्थाओंको शुभ और अशुभ कर्मोंके फलका
[illegible]
[illegible]
[illegible]

जब कि केवल बहुतसे वैदिक देवताओंके परमेश्वरका विश्वास भी बहुत समय पहिले नहीं हो चुका था बल्कि उस ईश्वरके स्थानपर उच्चतम शक्ति अथवा परमात्मपने को मानने कोई नाम सिवाय ब्रह्म या सत्‌के अथवा "मैं हूं" नहीं था" (सि॰ सि॰ फि॰ पत्र ४४१-४५०)

हमको मेक्समूलर साहब यह भी बतलाते हैं— "भारतीय दार्शनिकोंके निकट नास्तिकत्वका अर्थ पश्चात्यियोंके भावसे नितान्त विपरीत है। इसका एक क्रियावान, व्यस्त और व्यक्तित्वधारी मनुष्यी परमेश्वरके अस्तित्वको अस्वीकार या प्रभु कहते हैं। परंतु हिन्दू दार्शनिकोंने उससे ऊपर एक उच्च शक्ति मानी है। चाहे वे दा परमात्मा अथवा पुरुषके नामसे पुकारें। इस शक्तिको अस्वीकार करना था कि जिसके यथार्थ नास्तिक समझा जाता था।"

हिन्दू सिद्धांतके विषयको पूर्ण करनेके पहिले भारतके अत्यन्त उपयोगी उपदेशको बताना नहीं करना चाहिए —

नाना प्रकारके आचार्योंने अनेकानेक सिद्धांत हैं परन्तु तुम्हें वर्णोंका ग्रहण करना चाहिये

प्रकार तप द्वारा पुराने कर्म्मोंका नाश करनेसे और नये कर्म्मोंके न करनेसे भविष्य जीवनकेलिए आस्रव नहीं होता। आस्रवके न होनेसे कर्म्मोंका नाश हो जाता है। और इस ढंग पर पापका नाश हो जाता है। और इस प्रकार दुःखका विध्वंस हो जायगा। ऐ भाइयों! निगन्थ (जैनी) ऐसा कहते हैं......... मैंने उनसे पूछा कि क्या यह सत्य है कि इसको तुम मानते हो और इसका तुम प्रचार करते हो?....... उन्होंने उत्तर दिया....... हमारे पथप्रदर्शक नातपुत्त सर्वज्ञ हैं।.... यह अपने ज्ञानकी गंभीरतासे यह बताते हैं: तुमने भूतकालमें अशुभ कर्म्म किए हैं। इसको तुम कठिन तपस्या और कठिनाइयोंको सहन करके नष्ट करदो। और जितना तुम मनसा वाचा कर्मणासे अपनी इच्छाओंको वशमें करोगे उतना ही अशुभ कर्म्मोंका अभाव होगा। ....इस प्रकार अंतमें समस्त कर्म नष्ट हो जायगे और सर्व दुःख भी। इसमें हम सहमत हैं।" (Majjhima ii, 214 cf. i, 238)" इ० हे० ऐ० जिल्द २ पत्र ७०।

इस सहमतिके होने हुए भी जब परीषहाजयकी कठिनाईका सामना पड़ा जिसका अर्थ सन्यासके संबंधमें सर्व प्रकारकी कठिनाइयोंको सहर्ष सहन करना है और जब उसने अपनेको दुबला और कमजोर पाया परन्तु वह ज्ञान प्राप्त न हुवा जिसकी वह खोजमें था तो बुद्धने ऐसा कहा.--

ा साधन किये हुए करना चाहता था। संभवतः उसने इस
ाभी ध्यान नहीं दिया कि शिखर पर पहुंचनेके लिए सीढ़ी
ावश्यकता होती है। और यह कि तपस्यासे सिवाय दुःख
क्लेशके और कुछ नहीं प्राप्त होता यदि वह सम्यग्दर्शन और
्ज्ञानके साथ न हो। इस प्रकार बुद्ध बड़ी अवस्था तक
मार्गका प्रचार करता रहा। और लोगोंको दुःखसे बचनेके
निर्वाणकी शून्यतामें गर्त्त हो जानेका उपदेश देता रहा।
अस्सी वर्षकी अवस्थामें सूअरका मांस खानेके पश्चात् मृत्यु
प्राप्त हुवा।

द्धके उपदेशका प्रभाव बहुत लोगोंके हृदयों पर इस कारणसे
ा कि उसमें कठिन तपस्या नहीं करनी पड़ती थी और उसने
ायोगकी कठिनाइयोंको भी, जो वास्तवमें एक व्यर्थ मार्ग
रीरिक क्लेशोंका है और जिसका तपस्याके यथार्थ स्वरूपोंसे
ने जैनसिद्धान्तमें दिये हुए हैं पृथक् समझना आवश्यक है,
नका कर दिया था। परन्तु बुद्धसिद्धांतके विषयमें एवं उसके
ावागमनके मतके संबंधमें जिसमें कर्म्म करनेवालेके स्थान पर
ई अन्य पुरुषको कर्म्मोंके फल रूप दुःख सुखको भोगना पड़ता।
और उसकी मानी हुई आत्माओंकी अनित्यताकी बावत हम
हैं, जो कुछ विचार करें वा कहें तो भी हमको उसकी सम्मति
ावोंके दुःखको बहुत स्पष्टरूपमें जान लेनेके लिए और उस
खको शब्दोंमें अपूर्व योग्यतासे चित्रित करनेके लिए अवश्य

ग-वर्षा-अग्नि इत्यादि जैसे नैसर्गिक घटनाओं या विविध
गओं व शिल्पों जैसे शासनका ज्ञान भोजन बनानेकी विद्या
दिके रूपक अर्थात् सजली किया (Personifications)
गया है। परन्तु इन विद्वान जिज्ञासुओंने एकको भी वेदों,
वेद इन्जील या जिन्दावस्ताका भेद नहीं मिला। पूर्वीय
भाषाओंके ज्ञाता (Orientalist) विचार करते हैं कि
होंने कहे हुए सूर्य, इन्द्र और अग्निको सूर्य बादल और
गका अलंकार मानना और पवित्र इन्जीलके नये और पुराने
अहद नामोंको ऐतिहासिक रीतिसे पढ़ना सत्य धर्मकी तहको
पहुंच जाना है। और वर्तमान समयके विद्वानोंने अपना एक
प्रकारका 'भरोसा' समाज स्थापित कर लिया है जिसका हर
एक सदस्य हर समय इस चिन्तामें लगा रहता है कि इस बात
को ज्ञात करे कि उनकी इस प्रकारके अन्वेषणोंकी शाबाशी
किसको दी जाये और इससे विदून किसी निजी स्वार्थताके
जाहिर कर दें। यदि मैं इन जिज्ञासुओंके धार्मिक अन्वेषण व
मालूमात पर थोड़ा भी विचार करूं तो उसके लिये कमसे कम
एक सहस्र पृष्ठोंकी पुस्तक लिखनेकी जरूरत होगी। यह बात
नहीं है कि यह लोग विद्याके लायक नहीं हैं या उनकी शिक्षा
[illegible] है [illegible] हैं कि इस
समय उनके [illegible] नहीं हैं परन्तु [illegible]
वह सबके सब बुद्धिको-[illegible] हैं और [illegible]

। हैं और यह नहीं सोचा कि उनके अनेक देवी और कि जो कारनामे बयान किये गये हैं वह देवताओंके या नहीं। इन्द्रने अपने गुरुकी स्त्रीके साथ जार कर्म और देवगुरु (बृहस्पति) ने अपने बड़े भाईकी भार्याको और सोम यानी चन्द्रने स्वयम् देवगुरुकी स्त्रीसे एक रण किया। परन्तु सनातनधर्म्मावलम्बी इस प्रकारके नों पर दृष्टि नहीं देते हैं। इन आश्चर्यजनक देवताओंकी आश्चर्यजनक बात यह है कि अब उनके कारनामे जारी । अर्थात् उनके सब काम पुराणोंके लिखे जानेके पहले उन हो चुके थे। जीवित पुरुषोंकेलिये यह कैसे सम्भव है! तः ऐसे व्यक्तियोंके लिये जो एक क्षण भर भी अपने ोकी स्त्रीको भगानेका खयाल किये बिना नहीं रह सके. इन देवताओंके केवल इसी विशेषतासे बुद्धिमान पुरुषोंको खुल जाना चाहिये थीं परन्तु अज्ञानसे विशेषतया लोग रके फकीर ही होते हैं।

तो फिर वैदिक धर्म्मको सच्ची शिक्षा क्या है और सम्मोंमें हुये अनेक देवी देवताओंका भेद क्या है? परन्तु इससे कि मैं इन जटिल प्रश्नोंका उत्तर दूं यह आवश्यक है कि ह मैं स्पष्ट कह दूं कि ... रके वेदवेत्ता अर्थात् ... सनातनधर्म्म ... मनुष्यके ... न करनेवाला ... हिन्दोस्तानी

क्यों वेदोंके समझनेमें असमर्थ रहे। इसका कारण
वेदोंकी भाषा संस्कृत नहीं है जैसे पवित्र इन्जीलकी
रानी और यूनानी और कुरान शरीफकी अरबी नहीं।
इससे आपको आश्चर्य होता है ? तो भी यह
जिन धार्मिक पुस्तकोंका मैंने यहां पर उल्लेख किया है
दो भाषाओंमें लिखी हुई हैं, एकमें नहीं। जिन शब्दों
इबारत लिखी गई है वह निस्संदेह एक कौमकी भाषा है
इन शब्दोंकी एक दूसरी लिपि अर्थकी [illegible]
भाषा है। धर्मवेत्ता इस छिपी हुई भाषासे नितांत
थे, इन्होंने अपनी सारी कारीगरी [illegible]
भाषाओंमें नकल और अनुवाद करनेमें सर्फ कर दी
भावकी तहको यह न पहुंच पाये। यही कारण है
जेन्दावस्था, इन्जील और कुरान, उन विद्वानोंकी
कहानियों और दरियाओं और नालों और झीलोंके
से भरी हुई जान पड़ती है। सामान्यतः यह पवित्र
ही इनका शब्दार्थ विरुद्ध आज्ञा देती है। [illegible]
[illegible] हवाला देकर हिंदू शास्त्रोंके सम्बन्ध
कहते हैं ([illegible] पृ० १०२)—

"पवित्र पुस्तक [illegible] साधारण पुस्तकोंकी भांति उन्हें
नहीं पढ़ना चाहिए। यदि इनका [illegible]
[illegible] होना तो [illegible] उनके अध्ययनमें करें।

वेद स्वयम् अपना भाव प्रगट नहीं करते है और वह तब समझमें आ सकते है कि जब गुरु उस वस्त्रको जिससे ढके है उतार देता है और उन बादलोंको जो उनके तरिक प्रकाशको छिपाये हुये हैं, हटा देता है।"

भाग्यवश स्वयम् डेकोलिपेट हिंदुमतके समझनेमें रहा। यथार्थ उसको इस बातका ज्ञान जरूर हो गया था का भाव छिपा हुआ है। उसका दिमाग वर्तमान प्राकृतिक से इतना भरा हुआ था कि उसमें आत्मिक ज्ञानके असली के लिये बहुत कम अवकाश था।

ई-एन-अय्यर महोदय अपनी बहुमूल्य पुस्तक "द्री ट हिस्ट्री ओफ भारतवर्ष"में लिखते हैं कि "पवित्र शास्त्र मनके किस्से नहीं बताते हैं। इनमें मनुष्योंके लिये अत्यंत कारी शिक्षा है। आत्मिक उन्नतिका वैज्ञानिक मार्ग इनमें ास, भूगोल, नीति और राजनीति शासन सम्बंधी बातोंकि र वर्णन किया गया है।"

इनोंके समझनेके लिये वेदांतोंका जानना आवश्यक है। राम लक्ष्मण (अर्थात् लिखन) सबसे ज्यादा आवश्यक है क्षण इन विद्रूप किस्सोंके देहोंका भावार्थ समझानेका काम है अपनी रची हुई महाभारतकी भूमिकामें के. एन अय्यर रह लिखते हैं—

[illegible] मनुष्योंको शिक्षा देनेके लिये पूर्व समयके

स बातको अब लोग समझने लगे हैं कि इन्जीलमें विस
मवतः और सब पुस्तकोंकी निसबत लोग बहुत कम
पाते हैं, असंख्य ऐसी आयात लिखी हैं जिनको ऐसी
विद्वान जो उनके असली भावको खोल सके, कोई नहीं
सका है। यह कुंजी कबबालामें मिलेगी"। कबबाला
तीनें विभाजित है जिमेट्रिया, नौटेरिकोन और तेमुरा।
। जिमेट्रिया शब्दोंके मूल्य पर निर्भर है और यह बताता
जो शब्द एक संख्याके होते हैं वह एकार्थवाची भी
हैं। शेष दो बहुत पेचदार हैं जैसे किसी शब्दके अक्षरोंको
२ शब्द मानकर उनसे एक जुमला बनाना इत्यादि। मगर
ो उनसे यहां पर कुछ सम्बंध नहीं है। यहूदियोंके गुप्त
तमें इसप्रकारके अङ्कगणित या संख्या पर बहुत जोर
ा गया है। इबरानी भाषामें हिन्दुसे पृथक् नहीं हैं। हर एक
रको एक विशेष संख्या है जैसे अ = १, ब = २, ज = ३,
= ४। इस संख्यापर यह नियम निर्भर है कि हर शब्द एक
म या परिमाण है और हर रकम एक शब्द। इस प्रकारका
खाका शुमार उर्दू फारसीमें भी है जिसको सामान्यतः अबजद
केहरा) कहते हैं। ज्ञात होता है कि यहूदियोंने अपनी पवित्र
तकोंमें इसका बहुत प्रयोग किया है। इसप्रकार उनकी पवित्र
तकें केवल रहस्योंका एक समूह हैं जिनका भाव उससमय ज्ञात
सका है, जब उनकी इबारतका गुप्त भाव प्रत्यक्ष हो जावे।

ाते हैं जो बहुत समयसे बराबर चले आये हैं इस छिपी
ई विद्याका बार २ उल्लेख इन्जीलके नये अहदनामेमें
मेलता है और उपनिषदोंमें और अन्य प्राचीन शास्त्रोंमें
ी कि जिनमें उसके कतिपय छिपे हुये रहस्योंको सावधा-
ीसे प्रकट किया गया है और इधर उधरके स्थलोंसे जो
सके प्राप्त हुये हैं, यह प्रत्यक्ष रीतिसे स्पष्ट है कि यह सब
पुराने धर्मों और फिलासफी (दर्शनों) में वास्तवमें एक
थी और यथार्थमें उन सबकी बुनियाद थी। ईसाइयोंकी
कलीसियाके आरम्भमें, जो एक गुप्त समाज Secret society
की भांति थी इस मर्मविद्याकी बहुत सावधानीसे रक्षाकी जाती
थी। और इस नियमानुसार कि बहुतसे बुलाये जाते हैं परंतु
उनमेंसे थोड़े ही चुने जाते हैं यह केवल उन्हींको सिखाई
जाती थी जो उसकी शिक्षाके अधिकारी समझे जाते थे।
राजनीतिकी धर्मविरुद्ध चालिसी और स्वार्थी पादरियोंकी
चारित्र सम्बंधी निर्बलताओंके कारण आरम्भ होकी शता-
ब्दियोंमें ईसाइयोंके समाजसे यह मर्मज्ञान जाता रहा। और
उनके स्थानपर बादकी शताब्दियोंमें नये और पुराने अहद
नामोंके शब्दोंकी जाहरी मृतशिक्षा, पर ईश्वरपूजनका
पर आज्ञानुवर्ती नियम स्थापित किया गया। इस खयाल
पर कि इन्जीलने आकाशवालोंकी भांति मनुष्यके साथ
ईश्वरके गतदालके बनावका उल्लेख है उनके पति-

ी शताब्दीमें भी ओरीजेनने जो इन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनि-
के अनुसार ईसाई समाजका सबसे प्रख्यात और प्रखर विद्व
गुप्त रहस्यकी रीतिसे पवित्र इन्जीलकी शिक्षाकी तहतक
चनेके लिए प्रयोग किया था। ओरीजेनको पूरा विश्वास था
नवीन और प्राचीन अहद नामोंमें एक अक्षर भी ऐसा नहीं
जो ईश्वरीय अर्थ और रहस्यसे रिक्त हो। वह प्रश्न
रता है:—

"परन्तु क्यों कर हम इस गुप्त विचारके साथ इन्जीलकी ऐसी कहानियोंको सहमत कर सकते हैं जैसे 'लूत'का अपनी पुत्रियोंसे एकान्तसेवी होना, इबराहीमका पहले अपनी एक स्त्रीसे और बादको दूसरी स्त्रीसे व्यभिचार कराना, सूर्य्यके निर्माण होनेके पूर्व तीन दिन और रातका होना। ऐसा कौन निर्बुद्धि होगा जो यह मानले कि ईश्वरने एक साधारण मालीकी भांति अदनके बगीचेमें पेड़ लगाये। अर्थात् वास्तवमें ऐसे पेड़ लगाये कि जिनको लोग देख सकें और स्पर्श कर सकें और इनमेंसे एकको जीवनका और दूसरेको नेकी व बदीके ज्ञानका पेड़ कायम किया, जिनके फलोंको मनुष्य अपने प्राकृतिक जबड़ोंसे चबा सकें। कौन इसको स्वीकार कर सकता है कि ईश्वर इस बगीचेमें टहला करता था या यह कि आदम एक पेड़के नीचे छिप गया और काइन ईश्वरके चेहरे (सामने) से भाग गया। बुद्धिमान पाठक

पृ० २६६ से एक विद्वत्तापूर्ण निबन्धका कुछ अंश संक्षेप में जिसमें कुछ विरोधोंका उल्लेख है आपके समक्ष प्रस्तुत ता हूं:—

"इन्जीलें परस्पर एक दूसरेका विरोध करती हैं। और यूहन्नाकी इन्जील शेष ३ इन्जीलोंसे इस कदर भिन्न है कि सब जिज्ञासुओंने इसमें और शेष सब इन्जीलोंमें जो जीवन चरित्रकी भांति लिखी हुई हैं विवेचन किया है.........इसके अतिरिक्त कि यूहन्ना मसीहका उल्लेख शेष ३ इन्जीलोंसे बहुत विरोधके साथ करता है यह ईसूके रात्रि भोजनका (Supper) उल्लेख नहीं करता है, यह ईसूकी मृत्युकी दूसरी तिथि नियत करता है, यह निस्तारपर्वको ३ ईदोंका उल्लेख करता है जब कि और लेखक केवल एकहीका करते हैं। और यह ईसूकी जीवनसम्बंधी सब घटनाएं यरूशलममें होना बताता है जब कि औरके अनुसार ईसूके जीवनका अन्तिमभाग ही वहां व्यतीत हुआ। यूहन्नाकी इन्जीलमें जीवन चरित्र देनेवालेका अभिप्राय बहुत कम रह जाता है। उसमें करामातें हैं। अर्थात् यह ज्यादा आश्चर्यजनक हैं और साथ ही साथ यह गुप्त रहस्योंकी ओर सङ्केत करती हैं। ईसूका सब जीवन शेष तीनों इन्जीलोंसे बहुत ज्यादा है और 'लोगोस' (ईश्वर वाक्य)की भांति है। परन्तु साथ ही में ईसूको यह योसुफका पुत्र बनाता है और कुमारीके

बच्चा होनेका उल्लेख नहीं करता है।......ज़ दो १८
परस्पर सहमत होती है, मत्ती ईसूकी उत्पत्ति
सनसे ४ वर्ष पूर्व हिरोदके समयमें निर्धारित करता
लूका उसको १० वर्ष पश्चात् नियत करता है
ईस्वीमें। परन्तु आगे चलकर वह प्रतिपादन
तिबारय कैसरके राज्यके १५ वीं वर्ष (=२६ई०,
३० वर्षका था!......मरकस करामाती जन्मका
करता है। मत्ती और लूका यूसूको २ विविध वं
यूसुफ और दाऊदके वंशमें देते हैं।......परन्तु
से उत्पन्न होनेकी विरोधी है। यदि मरियम और
करामाती जन्मका ध्यान होता तो वह जब मसीहके
अपने पिताके काममें संलग्न होनेका उल्लेख
(देखो लूकाकी इन्जील बाब २ आयत ५०)
न होते। इन ३ जीवनचरित्र सम्बंधी इन्जीलोंमें
करामातें बहुत कुछ एक भांतिकी हैं परंतु जिन
उनका घटित होना वर्णन किया गया है वह बहुत
है.....सबसे बड़ी करामात लजारसका जिलाना केवल
की इन्जीलमें पाया जाता है। शेष करामातें
हैं (जैसे रोटियोंकी संख्याका बढ़ जाना, पानीको
कर देना इत्यादि)। जो पुरुष खास (हवारी)
मौजूद थे उनके नाम दो इन्जीलोंमें एकसे नहीं

मसीहके जी उठनेके निमित्त इनके लेखक एक दूसरेसे परस्पर विरोध रखते हैं। मरकसकी इन्जीलके १६ वें वाक्यकी ९ वींसे २०वीं आयतोंका लेख बादका बढ़ाया हुआ है। ......लूकाकी ऐतिहासिक कल्पनाएं झूठी हैं। हिरोद कभी बादशाह न था किन्तु गवरनर था। कुरोनियसको ईसूके इतिहाससे जा मिलाता है जो सन् ७ से ११ इस्वी तक हाकिम था और इसलिये ईसूकी कहानीका उससे कोई सम्बंध नहीं है। वह लुसानियसका भी उल्लेख करता है यद्यपि वह ईसूके उत्पन्न होनेसे ३४ वर्ष पूर्व मृत हो चुका था......इन्जीलोंके लेखक जो दरियामें बपतिस्मा देनेका वर्णन करते हैं और विशेषतया यरदन नदीमें, जहां स्नान करना भी मना था, येरुसलेमके व्यवहारोंसे परिचित न थे। लूकाकी इन्जीलमें दो महायाजकों कियाफा और हनसके एक ही समयमें मौजूद होनेका उल्लेख है जो असम्भव है। ईसूका हैकलके ऊपर आंगनमें शिक्षा देना कहा गया है जो केवल बलिदानके लिये निश्चित था। व्याख्यान पूजामंदिरमें हुआ करता था। इन्जीलोंमें [illegible]ोंका यहूदियोंकी जनतासे मुकाबला करनेपर आश्चर्यजनक विरोध पाये जाते हैं। धार्मिक पर्वोंके दिवस कानूनी कार्रवाई नितान्त मना थी। इसलिये ईसूका मुकदमा निस्तारके पर्वके दिन नहीं हो सकता था। पर्वके समयों पर हथियार लेकर फिरना भी मना था।

ा। यह कहना गलत नहीं है कि उस प्राचीन संसारों सीहके समयके पहले कोई शहर भी ऐसा नहीं था जिसमें क या ज्यादह विविध धर्मोके मंदिर ऐसे मौजूद नहीं थे जो केसी न किसी खुदावन्दके मरने और जी उठनेकी परिपा- टीको बड़ी धून धामसे सर्व साधारणमें धार्मिक न मनाते हों।" नियराके मंदिरोंमें तो ईसाई मतसे इस कदर सापेक्षता पाई । थी कि दोबारा जीवित होकर उठनेवाले खुदावन्दको उके खास शब्दोंमें अर्थात् "खुदाका बरी जो संसारके को दूर करता है" कह कर बधाई दी जाती थी। निश्चय सब इस विचारको झूठा करता है कि नवीन अहदनामेका क ईसु मसीह कोई ऐतिहासिक पुरुष था। और निःसंदेह बड़े आश्चर्यकी बात है कि ईश्वरने अपने पुत्रकी सत्ताको सी पिछले या पहले पैगम्बर पर द्योतन नहीं किया। ुपतया ऐसे पुत्रकी सत्ताको जैसे ईसु, जो संसारका मोक्ष ाता है। इसके विरुद्ध यशायाह नबी द्वारा ईश्वरने प्रत्यक्षरीतिसे को बताया था (देखो इन्जील यशायाह बाब ४३ आयत ११):—

ं "मैं और मैं ही ईश्वर हूं और मेरे सिवाय कोई मोक्ष दाता : नहीं है"।

इसका खंडन कभी नहीं हुआ किंतु इसका अनुमोदन ज़र्की इन्जीलसे होता है देखो बाब ४ आयत ८।—

"एक अकेला है और कोई दूसरा नहीं है। [illegible] न कोई बेटा है और न भाई है"।

क्या वही ईश्वर जो यूसूका पिता कहा जाता।
बोल रहा है ? यदि एसा है तो वह अपने पुत्रकी
क्यों करता है ? और क्या यह वही
ईश्वर, मुसलमान अल्लाह और पार्सी
पूजते है। यदि एसा है तो उसने इनलोगोंको भी
बता दिया कि उसके एक पुत्र है। इसलाम ईसाई
वर्ष बाद स्थापित हुआ था और कहा जाता है कि
पर निर्भर है तो फिर इसका क्या कारण है कि
ईश्वर पुत्र होनेसे इनकार किया। यहां पर गौरके
मसाला है। हम इन दोनों बातोंमेंसे एक न एक पर
लिये बाध्य होते हैं कि या तो यूसूका आसमानी
ईश्वर, मुसलमानोंका अल्लाह और अरदहलका
अथवा इन सब धर्मोंकी पुस्तक
गई है। सत्य यह है कि इन्जील स्वयम् इसबातको
है कि यह गुप्तभाषामें लिखी गई है जिसका भाव
अन्यन्यायदायक है। यूसूकी शिक्षा दृष्टांतों द्वारा
जिनका भाव बार २ शिष्योंको समझाया जाता
भी वह प्रायः नहीं समझते थे (देखो मरकसकी
आयतें ११-१२, लूकाकी इन्जील बाब १८ आयतें
मरकसकी इन्जील बाब ६ आयत १०) यह भी
यदि उन्नति नर-भक्षण ही पर अवलंबित है, तो मनुष्यता ऐसी उन्नति से बाज आई। हरबर्ट स्पेंसर जैसे निस्संदिग्ध, विकासवाद के पक्षपाती ने भी अपने Data of Ethics (आचार-शास्त्र की पुस्तक) में स्वीकार किया है कि "यद्यपि बुद्धि-हीन सृष्टि के लिये स्वार्थपरता और युद्ध-विग्रह ही क्रमशः उन्नति का कारण रहेंगे, किंतु मनुष्य के लिये सहानुभूति, शुभेच्छा और स्वार्थ-त्याग (self-denial) भी उच्च पद पर पहुँचानेवाले या उन्नति दिलानेवाले हैं।" प्रोफेसर हक्सले (विज्ञान के दीप्तिमान सूर्य) ने किस उत्तम वाणी के साथ अपने Evolution and Ethics (विकासवाद और आचार-शास्त्र) के पृष्ठ ८१-८२ में प्रकाशित किया है कि "आचार-सम्बन्धी उत्तमताएँ उन सिद्धांतों की विरोधिनी हैं, जो संसार के 'जीवन-संग्राम' में कृतकार्यता (सफलता) के साधन हैं। निर्दयी, स्वार्थपरायणता और वृथाभिमान के स्थान पर आचार-शास्त्र स्वार्थ-त्याग सिखाता है। सब विरोधियों, प्रतिपक्षियों या प्रतिद्वंद्वियों और सहगामियों को ढकेल देने या पैरों तले रौंदने के स्थान पर आचार-शास्त्र सबकी सेवा करने की आज्ञा देता है। भलाई इस बात की इच्छुक नहीं कि जो योग्यतम हो, केवल उसी का डंका पीटा जाय ( ), वरन इस बात की इच्छुक है कि यथाशक्य योग्य पुरुषों की संख्या बढ़ाने का प्रयन्त किया जाय ( )।

आचार-शास्त्र के वश। मल्लकारक जीवन

के प्रश्न का खंडन है। आचार-शास्त्र के नियम और शिक्षा इस आशय पर निर्भर हैं कि लड़ाई-झगड़े की सार्वजनिक प्रवृत्ति अथवा व्यक्तिगत प्राकृतिक इच्छा को रोकें, इत्यादि।"

नोट—यदि आचार-शास्त्र के नियम और शिक्षा समष्टि या व्यष्टि संघर्ष (Cosmical or Competitive Process) को रोकने के लिये हैं, तो वेदांत इसकी जड़ काटने के लिये है। आचार-शास्त्र का तो इतना ही अनुशासन है कि "Love your neighbour as yourself, अपने पड़ोसी से अपने बराबर प्रीति करो।" वेदांत का यह ढिंढोरा है—"He is your Self—अपने बराबर तो क्या, वह तुम्हीं हो।"

मन इमानम, मन इमानम, मन हमाँ।
हर कुजा चश्मत फ़ितद जुज़ मन मदाँ॥

अर्थ—मैं वही हूँ, मैं वही हूँ, मैं वही हूँ। जिस जगह तेरी आँख पड़े, उसको तू मेरे अतिरिक्त मत जान।

भगवान् बुद्ध ने एक राजा को हरिन पकड़े हुए देखा। इधर निर्दोष मृग की भयातुर सूरत (आकृति), उधर चमकता हुआ अचूक फर्सा दिखाई पड़ने की देर थी कि भगवान् बुद्ध मारे सच्ची पीड़ा के राजा के सम्मुख चित गिर पड़े, और मर्मस्पर्शी द्रवीभूत चित्त के साथ राजा से प्रार्थना की कि "आप निस्संदेह मेरा शरीर फर्से के अर्पण कर दीजिए, किंतु इस मतवाली (मदभरी) आँखोंवाले मृग को पीड़ा पहुँचाने से हट जाइए। मुझे अपने शरीर से प्रीति नहीं, किंतु इस बेचारे मृग को जीवन बहुत प्यारा है।"

पाठक आप विचार कर सकते हैं, ऐसे अवसर पर राजा साहब का पाषाण-हृदय अङ्गारा बनकर कहाँ उड़ गया होगा। इ[illegible] वाक्य ने राजा के वहशत[illegible] ([illegible]) या भयानक [illegible] पर किस प्रलय-[illegible] का [illegible] चला दिया

होगा। बुद्ध के आत्म-समर्पण ने राजा के हिंसक हृदय को कितना अधिक विदीर्ण किया होगा! हजारों वर्ष बीत गए कि यह बुद्ध जो हरिन के हेतु प्राण देने को तत्पर था, आज तक करोड़ों मनुष्यों पर राज कर रहा है। वह ईसा जिसका कथन है कि "एक गाल पर कोई तमाचा मारे, तो दूसरा गाल उसके आगे कर दो" वह ईसा देशों के देश अधिकार में ले आया। क्या हिंदुओं को विकास-सिद्धांत (या परिणामवाद) का ज्ञान न था?

प्रोफ़ेसर हक्सले ने स्वीकार किया है—

To say nothing of Indian Sages, to whom Evolution was familiar notion, ages before Paul of Tarsus was born

अर्थ—भारतवर्ष के ऋषियों का तो क्या कहना है, जो टार्सस के निवासी पाल के उत्पन्न होने से बहुत काल पूर्व विकास के सिद्धांतों से भली भाँति परिचित थे।

श्रीरामानुजाचार्य ने अत्यंत योग्यता-पूर्वक इस सिद्धांत को सिद्ध किया है। सांख्य के कर्त्ता ने भी सांसारिक विकास को सविवरण दिखाया है—

निमित्तं अप्रयोजकं प्रकृतीनां । वरणभेदस्तु ततः क्षेत्रिकवत् ॥

(योगदर्शन)

अर्थ—जीवात्मा में प्रत्येक शक्ति पहले ही से विद्यमान है। एक चींटी में वह समस्त शक्तियाँ निहित हैं, जो ब्रह्मा में स्पष्ट हैं। नदी अपने वेग से सब स्थान पर एक ही जैसी बहती जा रही है जो कृषक अपने खेत का बाँध हटायेगा, उसके खेत में पानी अवश्य भर आयगा।

आजकल [illegible] यह [illegible] (नयी) विकास-वाद का कारण स्वीकार करते हैं कि [illegible] विकासवाद से भली भाँति परिचित

अहंकारनिष्ठा के मंदिर पर ध्वज मौदन चला रहा है, अर्थात् अब वहाँ मनुष्य के स्थान पर उल्लू बोल रहा है।

किंतु वह जाति, जो पुस्तकों के प्रकाश (ज्ञान) का स्रोत थी; वह जो उस समय उपस्थित थी, जब रूमी साम्राज्य की नींव भी नहीं पड़ी थी और जब वर्तमान समय की योरपियन शक्तियों (राष्ट्रों) के पिता-पितामह जर्मनी के जंगलों में नग्न फिरते थे, वह जाति जिसके आदि का पता लगाने में इतिहास की आँखें फटती हैं, वह जाति अपने देश में आज तक बीस करोड़ मौजूद है और रहती-रहेगी। क्यों ?—क्योंकि उसका प्रत्येक वाक्य 'ओम् आनंद' से आरंभ होता है, और "शांति ! शांति !! शांति !!!" पर खतम होता है; क्योंकि युद्ध-विग्रह के स्थान पर वैराग्य और त्याग उसका शस्त्र है; क्योंकि और देशों को विजय करने के स्थान पर अपने आपको विजय करना उसका आदर्श है। ईश्वर का अनुग्रह इस जाति पर है, और रहेगा। यही जाति है जो मुसलमानों को मसजिदें बनाने के लिये चंदा देती है, और ईसाइयों को गिरजे तैयार करने में सहायता देती है।

संसार में प्रत्येक देश अपने एक कर्तव्य को लिए हुए है। भारत को ब्राह्मणत्व (Priest of Nature) की ड्यूटी मिली हुई है। किसी को सांसारिक तृष्णा ने व्याकुल किया है, किसी को भोगेच्छा ने विचलित किया है। हिंद तो वही है, जो केवल राम पर प्राण समर्पण करता है, ब्राह्मण वह है, जो अपनी जिह्वा से यह गा रहा है—

हम नये ढंग दिखलायेंगे भारत का [illegible]
सुनें सबे [illegible] [illegible]
[illegible] रोटी खायेंगे [illegible] पड़ रह जायेंगे।
ताली-ताला सारेंगे आनन्द का मजक दिखलायेंगे ॥

लिये निश्चित नहीं, हिंदुओं को तो परमेश्वर ही सूझता है। जिसका जी चाहे फूलों को काट-छाटकर पंखड़ियाँ पत्ता गिने (Botany), जिनका जी चाहे उनसे स्त्रियों की सेज सजाए, हिंदू तो उन्हें पूजा के लिये प्रिय समझते हैं। उनको तो पीपल, तुलसी, गाय और साँप में भी देवता ही दर्शन देता है। मछली और कछुआ भी अवतार (परमेश्वर) हैं। कुशा और भोज-पत्र भी पवित्र हैं। कौन वस्तु है, जो आनंदकंद की द्रव्य नहीं है। सच्चा हिंदू तो नारायण ही में रहना-सहना और निवास-प्रतिवास करता है। योरप के ज्योतिषियो ! आपको तारों का लोक दिखाई देना मुबारक हो। भारतवासी तो वहाँ ज्योतियों की ज्योति (The Light of Lights) को देखेंगे—

यार[1] यारा कुल आलम देखे, मैं देखा सदरु[1] माहीं[2] दा।

हुन[3] किस थीं यार छिपाई दा।

मायारूपी दुपट्टे पर वारे-न्यारे जाते हो। इसी पर बस मत करो। यह माया का दुपट्टा उठाकर सुन्दर-कपोल प्यारे श्यामसुन्दर पर मन और आँखों को भौंरा बना दो।

मरा दर दिल बग़ैर अज़ दोस्त चीज़े दर नमी गुंजद।

बख़िल्वत ख़ानए-सुल्ताँ कसे दीगर नमी गुंजद॥ १॥

दरूँ-कस्रे-दिल शाहम, चुके शाहे कि गर शाहे।

ज़ दिल बेरूँ शवद फ़ौरन दरूने-बहर नमी गुंजद॥ २॥

अर्थ—मेरे हृदय में प्रीतम के अतिरिक्त और वस्तु कोई नहीं समाती है। बादशाह के एकांत स्थान में कोई दूसरा मनुष्य नहीं जा सकता ॥ १ ॥ हृदय-मंदिर में मैं एक ऐसा बादशाह रखता हूँ अर्थात् मेरे हृदय में एक ऐसा बादशाह है कि यदि वह कभी हृदय से बाहर [illegible] हो, अर्थात् यदि वह कभी हृदय से बाहर [illegible] समा नहीं [illegible]

पाश्चात्य देश निवासियो! तुम मानवीय शरीर के रक्त और हड्डियों से हाथ बहुत भर चुके (Anatomy)। आओ, अब इस शरीर में उस महान ज्योति स्वरूप का दर्शन करना सीखो॥

हंसः शुचिषद्वसुरंतरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्।
नृषद्वरसदृतसद् व्योम सदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतम्बृहत्।

तात्पर्य - आकाश की ओर दृष्टि डालो, प्रीतम हंस (सूर्य) बनकर प्रकाशमान है। आकाश और भूमि के बीच देखो, प्यारा वसु (वायु) बनकर मस्ताना चाल चल रहा है। पृथ्वी पर होत्र (अग्नि) के वेष में जुला रहा है। वही अतिथि बनकर घर में आता है। मनुष्य के रूप में तेज दर्शाता है; उजेले में वही चमकता है; व्योम (ether) में वह है; पानी में वही (जल-जंतुओं के नाम से) उत्पन्न होता है; भूमि पर वही (वनस्पति के रूप में) उत्पन्न होता है, यज्ञ में वही प्रकट होता है; पहाड़ों पर वही (नदी-झरनों के वेष में) निकलता है। वह सत्य है, वह महान है।

> चंपा में चतुर्भुज, मोतिये मोहनलाल,
> केशवान में केशव, अरगट्टे गिरधारी है;
> गुलाब में गोपाल लाल, सोसनी में श्याम भाल,
> सेवती में सीतापति, मरुवे मुरारी है।
> नरगिस में नारायण, दामोदर दाऊदी में,
> कर्योंडे में कृष्णरूप, श्यामतनधारी है।
> अनंत फूल फूलन में, फूल्यो अनंत राम,
> फूल-फूल पात-पात बासना तुम्हारी है।

इंद्रियों से अतीत, [illegible] शक्ति-भरे, सच्चे आनंद और पवित्र जीवन का [illegible] (हे राम) [illegible] हिंदू शब्द शास्त्र (व्याकरण) क्या हाथ में लेता है? क्योंकि 'पाणिनि' ने

यह दावा किया है कि उसका विषय मुक्ति का द्वार हो सकता है। महात्मा पंडित ज्योतिष-शास्त्र का किसलिये अध्ययन करता है ? केवल इसलिये कि वेद का यह एक अंग (नेत्र) है। धर्मात्मा ब्राह्मण को ओषधि (जड़ी, बूटी, रस आदि) के बनाने व करने में क्यों प्रीति हो जाती है ? क्योंकि उसने सुना है कि कुछ ओषधियाँ शुद्ध सतोगुण को बढ़ाती हैं, और इसी हेतु परमेश्वर से मिलने का साधन हैं। तर्कवादी अपने न्याय-शास्त्र की ओर हिंदुओं का चित्त कभी आकर्षित नहीं कर सकते थे, यदि अपने ज्ञान को संसार से मुक्ति देनेवाला न वर्णन करते। साहित्य को केवल धर्म, अर्थ और काम ही का साधन नहीं सिद्ध किया, वरन् मोक्ष दिलानेवाला भी कहा है।

हिंदुओं के लगभग सब छंद सांसारिक बखेड़ों और जन-प्रीति (इश्क़मजाज़ी) या तो नाम ही नहीं जानते, यदि जन-प्रीति को कहीं स्थान दे भी दिया है, तो परमेश्वर की भक्ति और ज्ञान अपनी झलक दिखाए बिना नहीं रहे। हिंदी-भाषा का एक कवि प्रशंसा तो अपनी प्रिया के नयनों (नेत्रों) की कर रहा है, किंतु भगवान के समस्त अवतारों के नाम बोल गया है—

> मच्छ-सम मरधात, कमठ दर कच्छ भाल,
> बावन से छुद्र्दे को निरपट कर दैहैं ;
> मीन न निहारें हिये, पाहे बाराह-सम,
> कादे कै परशुराम विरह न पेरे हैं।
> [illegible]
> [illegible]
> [illegible]
> [illegible]

हिंदुओं का साहित्य तो ज्ञान और भक्ति के मर्मरंग हो चुका है। भगवत्प्रीति अपने सारे चमत्कार दिखाती है।

Religion present in all its phases.

अर्थ—धर्म अपने प्रत्येक स्वरूप में विद्यमान है।

राग-विद्या क्यों प्यारी लगने लगी ?—क्योंकि नारद, याज्ञवल्क्य, गौरांग आदि मुनि लोगों ने यह साखी दे दी कि सामवेद के गायन में उपयोगी होने के अतिरिक्त वैसे भी भजन संकीर्तन मन को वश में लाने का सरल साधन हो सकता है। हिंदुओं के यहाँ नाचने का कुछ मूल्य नहीं, किंतु प्रेम के ज़ोर से राम के आगे नाचनेवाला भी राम की भाँति पूजा जाता है—

> नाचना जो चाहे, तो नाच रघुनाथ आगे,
> गाया जो चाहे, तो गोविंद गुण गाओ जी।
> भागना जो चाहे, तो भाग मंद कामों से,
> आना जो चाहे, तो राम-शरण आओ जी।

शरीर को मोड़ना-तोड़ना, हड्डियों को ढीला करना, शरीर को तपाना, मांस को सुखाना अर्थात् हठयोग के आसन, बद्धमुद्रा आदि भी स्वीकार हैं, क्योंकि यह सुन लिया है कि सत्य-धाम तक पहुँचानेवाली सीढ़ी का हठयोग भी एक डंडा है। किंतु हाय! चाँदी-सोना जिसका नाम सुनकर सादे लोगों की आँखें खुल जाती हैं, जिसके लिये घरों में खटपट और देशों में कोलाहल मचता है, वह चाँदी-सोना हिंदुओं के यहाँ सच्चे आनंद का देनेवाला सिद्ध नहीं हुआ। विद्वान् ब्राह्मणों ने सिद्ध कर दिया कि 'त्याग', 'त्याग', निःसन्देह 'त्याग' आनंद और मुक्ति का साधन है। सोलह आने का रुपया जोड़ा त्याग हुए मूर्खों को मानो सोलह कला-युक्त भगवान् से भी अधिक सम्मान योग्य हो, किंतु समाज का टका-पैसा सच्चा गानेवालों में व्यर्थ है,

वरन् अप्रचलित और खोटे सिक्कों-जैसा है। नीचे के शब्द एक सच्चे हिंदू के मन की दशा दिखाते हैं—

> जैसे भूखे प्रीति अनाज, तृषावंत जल सेती काज।
> जैसे मूढ़ कुटुंबपरायण, तैसे नामे प्रीति नारायण॥
> नामे प्रीति नारायण लागी, सहज सुभाव भयो बैरागी।
> जैसे कामी कामिनी प्यारी, वैसे नामे नाम मुरारी॥

भूखे को रोटी, प्यासे को पानी, मा को बच्चा, विषयी को स्त्री वैसी प्यारी नहीं होती, जैसी सच्चे हिंदू को सत्यात्मा (सत्य वस्तु) प्यारी होती है।

> यारदे दा सानूँ सत्थर चंगेरा, भट्ठ वे खेड़ियाँ दा रहना।
> सूल सुराही खंजर प्याला, बिंग कसाइयाँ दे सहना॥

तात्पर्य—यदि शोक-भवन-कुंज (श्मशान) में सच्चा प्यारा नहीं भूलता, तो वह स्वीकार है, किंतु वह राजभवन अस्वीकार है, जो प्यारे को याद से बिसार देता है। रक्त निकालनेवाले नोकदार काँटे, मदिरा की सुराही की भाँति प्रिय हैं, और खंजर प्याले के समान प्यारा है, वधिक के कुल्हाड़े सिर पर बरसने अंगीकार हैं, इस शर्त पर कि हमारे प्रेम-भाजन की दूरी (पृथक्ता) न हो।

ऐसी उच्च दृष्टिवाले भारतवासियों के निकट सोने-चाँदी की भला क्या पूछ? सोने-चाँदी के काम को तुच्छ न समझते तो और क्या? सुनारों को शूद्र-पेशा माना गया। जंगलों में नंगे शरीर रहकर और फल-फूल खाकर अध्यात्म-चिंता में मगन जीवन व्यतीत करनेवाले ब्राह्मणों को कपड़ा, सोना, लेना-देना, [illegible] के व्यापार बिलकुल निरर्थक, निस्सार [illegible]

अर्थ—वट के पेड़ के नीचे बड़ी-बड़ी आयुवाले जिज्ञासु एकत्र थे। गुरु छोटी आयु का था। विचित्रता यह कि गुरु ने जिह्वा नहीं हिलाई, पर सबके संदेह निवृत्त कर दिए। यह कैसा व्याख्यान है?—

मुअल्लिम कीस्त ? आरिफ़, दामने-सहरा दबिस्तानश ।
सबक़ ? ख़ामोशी व लरज़ाँ दिलम तिफ़्ले-सबक़ख़्वानश ॥

अर्थ—यहाँ गुरु कौन है? ब्रह्मज्ञानी, और जंगल का दामन उसकी पाठशाला। इस पाठशाला में पाठ क्या है? मौनता, और मेरा काँपता हुआ हृदय उसके यहाँ पाठ पढ़नेवाला लड़का है। इस परम शांति और सच्चे आनंद के खोजनेवालो! परम सुख के अभिलाषियों का शारीरिक और मानसिक या नैतिक आवश्यकताओं से संबंध केवल नाम-मात्र का था।

अब दरजी, ठठेरा, लोहार, बढ़ई, कुम्हार, इन सबको भी शूद्र-पेशा कहा गया। इसके यह अर्थ नहीं कि इमारत आदि का काम उन दिनों बहुत बुरा होता था। इस कला में उन लोगों की योग्यता के प्रमाण बहुतायत से मिलते हैं। पर ब्रह्मविद्या के साथ इन व्यवसायियों का सीधा संबंध (direct relation) न होने के कारण शूद्रों ही की श्रेणी में ये गिने गये।

भारतवासियो! ज़रा आँख खोलकर देखो, तुम कहाँ आकर गिरे। आज ब्राह्मणों के बालक (महर्षि-कुमार) ईंट, चूना, लकड़ी, लोहे का धंधा (इंजीनियरिंग) को उस (सिंहासन) पर स्थान दे रहे हैं जिसका [illegible] कभी थी; कोहनूर ([illegible]) को मुकुट से उतारकर उसके स्थान पर कोयला [illegible] देखते।

[illegible] की [illegible] में [illegible] राम कहाँ [illegible] और कोने में [illegible]

पता लगे कि ये सब रेलें, तारें, तोपें, बंदूकें, स्टीम-इंजिन, कारखाने आदि जिनकी प्रशंसा में गद्गद हो रहे हो, एक इंच-भर भी पिछले लोगों की अपेक्षा आजकल के लोगों को अधिक आनंद नहीं दे रहे। सब ऊपरी हाहा-हूहू (vanity) ही है।

राम यह नहीं कहता कि पिछले समय का बहलियों और एक्कों को फिर नए सिरे से प्रचलित करो, और धुएँ वा बिजली की कलों को भारतवर्ष में पग न रखने दो। उसका मन्तव्य यह है कि इन नवीन पाहुनों को उचित मूल्य और मान पर लो। वह बात न हो कि घोड़ा मोल लिया था अपनी सवारी के लिये, उल्टे हमको ही गिराकर वह रौंदने लग पड़े। बिल्ली के बदले पवित्र माता (ब्रह्म-विद्या) को न बेच दो। एक (अनावश्यक) दिल्लगी के खेल में अपने आत्मा और प्राण की बाजी मत हार दो। सुख की खोज में सुख के धुर्रे मत उड़ा दो। वर्षा-ऋतु में पपीहा पानी की बूँद के लिये अधीर होकर ऊपर को उड़ता है, किंतु बरसते जल में प्यासा रहता है, पानी की खोज ही पानी से वंचित रखती है। इस बरसाती जानवर-वाली दशा मत होने दो। रीछ की भाँति मित्र के मुँह से मक्खी उड़ाते-उड़ाते मित्र को थप्पड़ से प्राण-हीन मत करो।

अंकगणित में एक भिन्न (traction) के अंश (numerator) को बढ़ा देने से रकम का मूल्य बढ़ जाता है; किंतु यदि साथ ही हर ([illegible]) भी उसी निष्पत्ति [illegible] वा संख्या) से बढ़ जाय, तो मूल्य वैसा का वैसा ही रहता है। जैसे [illegible]। यही दशा पाश्चात्य कलाओं और आविष्कारों की है [illegible]। विषय-भोग की सामग्री को बढ़ाने की चिंता में है और इस उपाय से आनंद की राशि को अधिक किया चाहते हैं—

$$\text{आनंद} = \frac{\text{विषय-भोग की सामग्री}}{\text{तृष्णाओं का समुदाय}}$$

भारतवासियो ! उनका अनुकरण तो करने लगे हो; किंतु देखना कि अंश (विषय-भोग की सामग्री) को बढ़ाते समय हर (तृष्णाओं का समुदाय) उसी निष्पत्ति (संख्या) से नहीं, वरन उससे भी अधिक संख्या से बढ़ा जाता है। जैसे नशेबाज आनंद के लिये इधर अफ़ीम या शराब के सेवन को नित्यप्रति बढ़ाता जाता है, उधर नशे की तृष्णा भी वैसे ही अधिक होती जाती है। जो आनंद आरंभ में बहुत थोड़े परिमाण में प्राप्त होता था, वह आनंद अब अधिक परिमाण में नहीं मिलता। आयु व्यर्थ में नष्ट हो जाती है। अफ़ीम या शराब का मुहताज बिना मतलब बनना पड़ता है। यों भी तो देखो, अंश को कहाँ तक बढ़ा लोगे। भोग के सामान कहाँ तक एकत्र करोगे। बाहरी सामान अपरिमित कभी नहीं हो सकते, सदैव भिन्न (fraction) कभी में ही रहेगी। इसी आनंद की राशि को बढ़ाने के लिये हिन्दुओं की शैली यह है कि तृष्णा को, जो हर के स्थान पर है, कम करना आरंभ कर दो। तृष्णा ज्यों-ज्यों सिमटती जायगी, आनंद बढ़ता जायगा। जब बिलकुल शून्य हो जायगी, तो अंश चाहे कुछ हो, चाहे न हो, समस्त राशि अनंत हो जायगी। और यह तृष्णा (हर) केवल ज्ञान के द्वारा ही मिट सकती है, और किसी उपाय से नहीं।

एक मनुष्य ने लैला मजनूँ की कहानी पढ़ी। पढ़ते ही मजनूँ बनने की इच्छा उठ आई। अपनी स्त्री को त्यागकर लैला का एक चित्र बना लिया और छाती से लगाए फिरना आरंभ कर दिया। अब मजनूँ वाला प्रेम तो चित्त में था नहीं, [illegible] का प्रेमपात्र तत्काल ले लिया। धिक्कार है ऐसे

मजनूँ बनने पर। न इधर के रहे, न उधर के रहे। आजकल के भारतवासी! यदि तुमको अँगरेजों का अनुकरण करना ही स्वीकार है, तो मेरे प्यारो! उनका प्रेम (साहस, दृढ़ता, एकता) ले लो, उनका जुनूँ (सनक) ग्रहण कर लो, किंतु उनकी प्रेम-पात्री लैला (संसार के नाशवान भोग-विलासों) को मत ग्रहण करो। मजनूँ और फ़रेफ्ता (अनुरक्त) बनना हो, तो अपने घर की अति तेजोमयी ब्रह्मविद्या (आत्मज्ञान) पर बनो। अपने पहलू से चन्द्रमुखी प्रिया को उठाकर संसाररूपी बुढ़िया के चित्र पर दीवाने और आसक्त होना तुम्हें कलंक लगावेगा। हाँ, इस संसाररूपी बुढ़िया को अपनी चंद्रकांता (ब्रह्मविद्या) की एक तुच्छ दासी बना लेने में कुछ हर्ज नहीं है।

दीन गँवाया दुनी से, दुनी न चाली साथ।
पैर कुल्हाड़ा मारिया मूरख अपने हाथ॥
स्वगृहे पायसं त्यक्त्वा भिक्षामटति दुर्मतिः।

अर्थ—अपने घर की मलाई त्यागकर भीख माँगने को मूर्ख के अतिरिक्त और कोई नहीं जाता।

इतिहास साक्षी देता है कि शक्ति से भर देनेवाली ब्रह्मविद्या का भारतवासियों ने जब कभी तिरस्कार किया, तभी नीचा देखा; अपने स्वरूप के महत्त्व को भूलकर हिंदू लोग जब कभी स्वार्थपरता के वश में पड़े, मरे।

अभी समय है, संभल जाओ, शरीर के कीचड़ में निकल आओ। अपने शुद्ध स्वरूप में डेरे लगाओ। शिवोऽहं शिवोऽहं की ध्वनि उच्च होने दो और आनंद के कैलाश पर पवित्र ॐ का फहरा[illegible] (पताका [illegible]

[illegible]
[illegible]
[illegible]

गाओ रे सोहले, देखो शुभ सगुना।
हरि सँग[1] गमन, हरी सँग सँग[2] ना[3] ॥

अद्वैत सिद्धांत (भगवान् शंकर) के अनुसार आत्मा में विकास या संकोच (संवृद्धि वा प्रतिवृद्धि) नहीं हो सकता वरन् केवल माया में होता है।

जैसे घर की चहारदीवारी से उत्पन्न अंधकार उसी घर को छिपा देता है, जैसे सूर्य ही की तीक्ष्ण प्रभा सूर्य को देखने नहीं देती, जैसे नदी से उत्पन्न फेन नदी को आवृत कर लेता है, जैसे रज्जु ही में कल्पित सर्प-आकृति रज्जु को छिपा लेती है, वैसे ही ब्रह्म में (स्वरूपाध्यास से) कल्पित माया (नाम-रूप) ब्रह्म को लुप्त कर देती है।

हुजूमे जलवा हम यकमर छिपावे-जलवा हस्त ईं जा।
नकाबे-नेस्त दरिया रा मगर तूफ़ाने-उरयानी ॥

अर्थ—यहाँ ज्योति की अधिकता ही ज्योति का आवरण है। नदी का कोई परदा नहीं, वरन् उसके नंगेपन की आँधी (ज्वार) ही परदा है।

फिर जैसे नदी-जल फेन के बुर्के (परदे) में से भासमान होता है, जैसे सूर्य मेघावरण को भासमान कर, आवरण के बीच में से अपनी कांति की प्रभा विकीर्ण करता है, जैसे चंद्रमा अपने (ग्रहण के) घूँघट में से तेजोमय मुख को दिखाता है, जैसे रज्जु कल्पित सर्प में अपनी लम्बाई और मोटाई प्रवेश करता है, जैसे दीपक की ज्योति काँच के आवरण (चिमनी) के भीतर से आँखें लड़ाती है (संसर्गाध्यास); वैसे ही ब्रह्म माया के आवरण में अपना तेज प्रविष्ट करता है, अर्थात् नाम-रूप संसार में सच्चिदानंद स्वरूप से विद्यमान होता [illegible] ब्रह्म [illegible] में [illegible] मान होता है, उसके नाम-रूप

तह में वास्तविक सत्ता सच्चिदानंद की ही है। अद्वैत-सिद्धान्त के अनुसार इवोल्यूशन (विकास) इस माया ही में है। आत्मा में न्यूनाधिक (उन्नति-अवनति) कैसी ?

माया

निशांधकार की काली चादर छा रही है। तारे जगमगा रहे हैं। किसी की मजाल (शक्ति) क्या कि इनकी संख्या का अनुमान लगा सके? वाह री अनेकता! एक ही पलंग पर एक दूसरे की गर्दन में बाहें डाले दूल्हा-दुलहिन आराम में पड़े हैं। किन्तु दूल्हा तो लाहौर के टाउनहाल में परीक्षा के पर्चे लिख रहा है, और दुलहिन अपनी देवरानी या जेठानी से गिला-उलहना के लेन-देन में लगी है। ए लो, लड़ाई-झगड़ा आरंभ हो गया! चुप रह बीबी! चुप रह। तेरा पतिदेव परीक्षा के पर्चे लिख रहा है, कोलाहल बंद कर। उसको (disturb) डिस्टर्ब मत कर, अर्थात् उसका हर्ज मत कर। ए लो! वह चौंक पड़ा। नींद उचाट हो गई। कैसी परीक्षा ? किसका टाउनहाल ? यहाँ तो सुकुमारी है और आप है। कमरे के बाहर आकर देखा, तो कोहरे-ही-कोहरे के ढेर लग रहे हैं। हाथ फैलाया नहीं सूझता। प्रभात का पेश-खेमा (आगमन का चिह्न) अभी दृष्टि-गोचर नहीं होता। अरे शुक्र! तेरा नृत्य-गायन क्या हुआ ? तुम्हारे सखा और सहचर (तारे) शादी को भूल बैठे ?

दूल्हाराम ने नौकर को पुकारा। उत्तर न मिला। निकट जाकर देखा, तो नींद में खर्राटे भर रहा है। हमारे नवयुवक की छोटी सी छाती में हलचल मच गई। मन में एक क्षणिक आवेश उत्पन्न हो गया। मुखमंडल भयावनी निशा से भी अधिक भयानक बन गया। नौकर को [illegible] से जगाया और कान खींचे, [illegible]

अर्थ—मैंने कहा था कि जब तू आयगा, तो हृदय क दुखड़ा तुमसे वर्णन करूँगा, मगर क्या कहूँ कि जब तू आता है, तो मैं बेहोश हो जाता हूँ।

कहने देती नहीं कुछ मुँह से मोहब्बत तेरी।
लब पर रह जाती है आ आ के शिकायत तेरी॥
यार सब कुछ थे हमें हिज्र के सदमे ज़ाहिर।
भूल जाता हूँ मगर देख के सूरत तेरी॥

गगन-मंडल का महारथी (सूर्य) किरणों के भाले हाथ में लिए अपने सुनहरे घोड़े को उड़ाता चला आता है। य खबर पाते ही अंधकार की सेना के मनचले वीरों ने एक होकर जी तोड़ संग्राम (desperate struggle) प कमर बाँधी है। सर्दी समस्त रात्रि की अपेक्षा अधिक हो गई, नींद और आलस्य ने यद्यपि रात-भर कोई कसर न उठा रक्खी थी, किंतु प्रभात के समय टैक्स वसूल करना ए महानेयाची से आरंभ किया कि संसार में कोई अमीर बचा न पाया। धुंध के दल-बादल ने अँधेरे की सहायता को आकर घमंड से डेरे डाल दिए। ए लो, बादल भी मारे उमंग के मा में दल डाले आ उपस्थित हुए, आँखें दिखाने लगे और गरज गरजकर डराने लगे। रात के आरंभ में क्या ही मनलुभाव चाँदनी (उजियारी) छिटक रही थी। अब तह-दर-तह अँधियारी छा रही है।

रिमझिम रिमझिम मेहा बरसे आ रे ! बादर कारे।

आलस्य, अंधकार और धुंध आदि की सेनाएँ सूर्य के महत्व को नष्ट करने पर कैसी तुली हुई हैं ! क्या सचमुच सूर्य के र को रोक लेंगी ? यदि ऐसा हो गया, तो संसार की क्या द होगी ! ईश्वर करे, सत्य की जय हो प्यारे ! घबराओ नहीं, क तो अंधकार के अधिकारवश और कहाँ सर्य ! सामना ही क

है ? रावरानी के वंगी लाट लाख जोर मारें, सूर्य का बाल बाँका नहीं कर सकते । घना उछल-उछलकर भाड़ को नहीं फोड़ सकता । सूर्य और छुपा रहे ? ख्याल में भी नहीं आ सकता । प्रकाशमान सूर्य और विरोध से उसका बिगाड़ हो ! बिलकुल निरर्थक है ।

वह देखना ! मेघों की तह-दर-तह परदों को काटकर कोहरे के कवच को चीरकर उसकी किरणों की कृपाण भूमि के वक्षःस्थल को लाल करने लगी । विजयी द्यौ-सम्राट् (सूर्य भगवान्) विराजमान हुआ ।

नवीन रोशनी (ज्ञान) वालो ! स्मरण रक्खो, अज्ञान की काली रात व्यभिचार का कारण होती है (Deeds of darkness are committed in the dark), अंधकार (मूढ़ता) के काम (व्यभिचारादि) अंधकार (मूढ़ता) में ही किए जाते हैं, और जब इसका अंत आने लगता है, तो बला का तड़ाई-टंटा करवाती है । किंतु यह लड़ाई-झगड़ा जाज्वल्यमान ज्योति (सूर्य) की अभिवृद्धि का कारण कदापि नहीं है । सूर्य को तो निकलना ही निकलना है, रुक नहीं सकता । रामानुज के मतानुसार तुम्हारे भीतर के सूर्य (हंस, आत्मा) ने सुस्ती की रुकावट को चीर-फाड़ और अज्ञान के परदों को छिन्न-भिन्न करके अंततः प्रकट होना ही है, इससे जीवात्मा का देहद (असंख्य) भरा हुआ दल इवोल्यूशन (विकास) का कारण है । इस स्वाभाविक गुण के कारण से चींटी, बिच्छू, साँप, बिल्ली, बंदर आदि शरीरों की मंजिलों (योनियों) को पार करता हुआ यही जीवात्मा मानव-शरीर तक उन्नति पाता है, और यहाँ आत्मा अपने स्वाभाविक प्रकाश के बल से अज्ञान के अंधकार को नाश करके ज्ञानवान के रूप में [illegible]

जिससे कि सिर ऊँचा करें, देखें और फिर वही पानी हो जायँ।

ठीक—जाग्रोना सावोना नहीं खोवे। कोदाँ चीज हमेश अडोल है जी॥
जिवें बदलाँ दे चले चंद्र चलदा। जाने बालकाँ नूँ एह भूल है जी॥
चले देह इंद्रिय मन प्राण आदिक। ओह देखनेहार अडोल है जी॥
बुल्लाशाह सँभाल खुशहाल हूजे। ऐन आरिफ़ा दा एहो बोल है जी॥

आत्मा के असंग होने को सांख्य-शास्त्र ने भी बड़े ज़ोर से स्वीकार किया है—

"असंगोऽयं पुरुष इति" (सांख्यदर्शन १—१५)

अर्थ—यह पुरुष (आत्मा) संग (संबंध) रहित है।

ठीन—शुध्दा मादी ग़रा इक इसमें। सदा अपना आप सुरूप है जी॥
नहीं ज्ञान-अज्ञान दी ठौर ओथे। कहाँ सूर में छाँव और धूप है जी॥
पड़ा सेज के महि है सही सोया। इक स्वप्न का रंक और भूप है जी॥
बुल्लाशाह सँभाल अद मूल देखया। ठौर-ठौर में वही अनूप है जी॥
बुल्लाशाह तूँ भूप अपन्न पैदा। तेरे आगे प्रकृति का नाच है जी॥

आत्मा के असंग होने और केवल प्रकृति के विकास और उन्नति पाने को पंडित ईश्वरकृष्ण ने आश्चर्य-जनक कवियों जैसी सूक्ष्म विचारणा के साथ अपने प्रामाणिक ग्रंथ सांख्य तत्त्वकारिका में दिखाया है—

रंगस्य दर्शयित्वा निवर्तते नर्तकी यथा नृत्यात्।
पुरुषस्य तथात्मानं प्रकाश्य विनिवर्तते प्रकृतिः॥ ५९॥
(कारिका)

अर्थ- बहुरूपिये लोगों का नियम है कि भेष बदलकर अमीरों को धोका देते हैं, किन्तु पहले तो भेष और वेश के नीचे यह कामना उनके मन में अत्यन्त प्रबल होती है कि तमाशा दिखाते हैं, जिस प्रकार बन पड़े अपना असली रूप भी खोल दें। [illegible] यह कहकर कि अब [illegible] गया, मेरा काम

कर गया, बड़ा सम्मान करते हैं, और इस प्रकार आशीर्वाद देते हैं – "बड़े बड़े इकबाल ! अटल प्रताप ! राज-पाट बना रहे, घोड़ों-जोड़ों की खैर (कुशल) ! परमेश्वर बनाये रक्खे ! इत्यादि ।" यही दशा प्रकृति की है । पुरुष को धोखा तो देती है, किंतु जी में यह जाने है कि अपना आप छिपाया तो सही, अब ज्यों-त्यों करके दिखा भी दूँ, भेद खोल ही दूँ ।

हाँ सच है, चींटी, बंदर आदि के शरीरों में यदि पुरुष ने नीचा देखा और दुःख पाया, तो प्रकृति के कारण; मनुष्य का चोला पहना, तो प्रकृति के कारण; ज्ञानवान कहलाया, तो प्रकृति के कारण; जब बंध और नीच दास होने के विचार का फ़ुकर (भ्रम) टूटा और यह ज्ञान पड़ा कि 'मैं पृथक् हूँ, पवित्र हूँ, असंग हूँ, निर्लेप हूँ, स्वतंत्र हूँ ।—

'असंगोऽहमसंगोऽहमसंगोऽहं पुनः पुनः ।'

तो यह भी प्रकृति ही के कारण ।

इस ज्ञान के प्राप्त होने पर प्रकृति पुरुष को छोड़कर अपनी राह लेती है, और पुरुष आनंदघन अपने शुद्ध स्वरूप में रह जाता है, यही मुक्ति है । तात्पर्य यह कि प्रकृति सब कौतुक दिखा आप ही हट जाती है । ईश्वर करे, इस प्रकृति-पुरुष के वियोग की घड़ी शीघ्र प्राप्त हो । यह योगशास्त्र का उद्देश है ।

उपर्युक्त कारिका का शब्दार्थ यह है—"जैसे कंचनी सभा में जब पूरा-पूरा नाच दिखा चुकती है, तो अपने आप ही हट जाती है, वैसे ही प्रकृति जब अपने आपको पुरुष के आगे प्रकट कर देती है, तब आप ही छोड़ जाती है ।"

[illegible] किसी के साथ जा रहे हैं [illegible] मे बहुतेरा मन लुभाने का प्रयत्न करती है पर जब [illegible] ज्ञान हो जाय कि इन्हें मेरे

ठगिनी होने का पता लग गया है, तो गधे के सींग की तरह लुप्त हो जाती है। ठीक इसी प्रकार प्रकृति (दुनिया) की कलई खुल जाने पर पुरुष को तत्काल छुटकारा मिल जाता है।

अब नहीं मालूम हमारे महात्मा पं० ईश्वरकृष्णजी महाराज किस प्रकार इस व्यभिचारिणी वेश्या (प्रकृति) के खेलों की फ़ीस लेकर उसके वकील बन बैठे। आप कहते हैं—

> नानाविधैरुपायैरुपकारिण्युपकारिण्यः पुंसः।
> गुणवत्यगुणस्य सतस्तस्यार्थमपार्थं कं चरति ॥ ६० ॥

अर्थ—प्रकृति तो पुरुष की भाँति-भाँति की सेवाएँ करती है, किंतु उसके बदले में पुरुष कोई उपकार नहीं करता। प्रकृति गुणोंवाली है, पुरुष निर्गुण है, तभी तो प्रकृति की प्रशंसित गुणशीलता देखो, कृतघ्न (पुरुष) के भले में कैसी यत्नवान् और तत्पर है! इस विषय को एक और पंडितजी महाराज ने अद्वितीय रीति से हिंदी-पद्य में पिरो दिया है। यद्यपि राम को आश्चर्य होता है कि वृद्ध पंडितों के यहाँ स्त्री का कुछ ऐसा साम्राज्य क्योंकर आ गया कि स्त्री (प्रकृति) के गीत गाते वे थकते ही नहीं। बात-बात में बहूजी को प्रधान बना दिया।

> सखी यह दुल्हा दुलहिन कैसे।
> अति बेमेल विचित्र भाव के कहूँ सुने नहिं ऐसे ॥
> दुलहिन अति ही मुघर सुहावन जोबन उन एसे।
> दूल्हा बाहि बयान "पुर" को ह्वै बैठो उल्लक जैसे ॥
> दुलहिन अतिगुणवंत चतुर ज्यों हाव-भाव हो वैसे।
> दूल्हा गुण की बात न जाने पूरो गोबर-गणेश ॥
> सबकी एक दुलहिन वह दुल्हा पर सबर एक ऐसे।
> दुलहिन [illegible] वह नाचत गावत [illegible] सब प्रेम के नेम ॥

राम केवल इतना ही पूछना [illegible] कि महाराज वकील साहब! [illegible] तो क्या करना [illegible] जब प्रकृति स्वयं

अपना नाच-गाना, अपनी अठखेलियाँ, अपना सभी कुछ पुरुष की एक दृष्टिपात पर बेच देने को राजी है, तो आप कौन हैं उनकी सिफारिश करनेवाले ? तलवे न बुलाए, वकील बन के आए (Unsolicited solicitor)। बस भूल से स्वतः पड़ जानेवाली एक दृष्टि ! और कुछ नहीं ! इस पर समस्त संसार (प्रकृति) के तन-मन-धन का सौदा हो गया (bargain struck)।

मस्त गश्तम अज़ दो चश्मे साक़िये-पैमाना नोश।
अलिविदाअ, ऐ नंगो-नामूस ! अलविदा, ऐ अक़्लो-होश ॥

अर्थ—मैं प्याला पिलानेवाले साक़ी की दोनों आँखों से मस्त हो गया हूँ, ऐ अपमान ! दूर हट और ऐ बुद्धि और होश ! दूर हो।

या रब ईं चश्मस्त या जादूस्त कज़ कैफ़ियतश ;
हम चो दरियाए-मुहीत ईं क़तरा अम आमद बजोश।

अर्थ—हे ईश्वर ! यह आँख है या जादू है कि उसकी कैफ़ियत (दशा) से यह मेरा बिंदु (आँख का आँसू) घेर लेनेवाली नदी की भाँति आवेश में आ गया है।

इन चोली दे नैन कटोरे। बाहीं डाँगन तेंदे डोरे।
राँझा डोली ते मैं कुरबानी। दबदी दलिदर मरसी पानी।

हाय दृष्टिरूपी मद्य ! ऐ उन्मत्त नेत्र ! तूने ग़ज़ब (आश्चर्य) किया। न केवल सारे सन्तों के प्रकृति को भाँति-भाँति के नाच नचाए, वरन तेरी कृपा ने कोमलता की मूर्ति (मोहन-मोहन) और सुन्दर-सुन्दर (दोनों) पुरुष को प्रकृति के हृदय-चक्र और [illegible] तक पहुँचाया [illegible]

[illegible]
[illegible]

कोठे तों चढ़ पाइया भाती, दो नैनों दी रमज़ पिढाणी।
घाय गया नी! जानी लूँ लूँ दे विच।
हाय घाय गया नी! सोहना लूँ लूँ दे विच।
सानूँ ज़रा कु उस्वा दिखा गया नी।

यह दृष्टिपात क्या मज़ा थी। इधर प्रकृति में तिलमिलाहट डाल दी, उधर पुरुष बेचारा अपने नयन-बाण के साथ ही प्रकृति की प्रत्येक नस में जा गिरा। इधर जादू-भरी दृष्टि का भाला बेचारी प्रकृति के यकृत में घुभा, उधर पुरुष उसके हृदय में बंदी हो गया।

> अबरूए-कइकशाँ भी अनोखी कमंद है।
> बेक़ैद हो असीर जो देखूँ उधर को मैं॥

हाय एकान्त-कारावास!

> अपना यह दावा, नहीं दिल में कोई तेरे सिवा।
> उनका यह इल्ज़ाम! अच्छी क़ैदे-तनहाई हुई॥

यदि भोला-भाला पुरुष बेमुरव्वत (कृतघ्न) था, तो भी उसका पल्ला दोष से नितान्त मुक्त है, क्योंकि उसने अपने लिये दंड प्रकृति को आप बता दिया।

> ज़िंदों न भी ज़िंदा भजना हो, अपने दिले-तंग में जगह दो।

ऐ पुरुष (यूसुफ़)! यह कैसा बंदीपन है! जुलेखा का हृदय-दर्पण बंदीघर बना है।

मयायद जुज़ ख़यालत दर दिले-मन। मगुज़ यूसुफ़ मरे-ज़िंदाँ के दारद॥१॥
यूसुफ़े-गुम गश्ता रा बेस्ट मख़ाय। दर शुहरे-चाहे-ज़िक़ यादी सुराग़॥२॥

अर्थ—तेरे ख़याल के सिवा मेरे दिल में और ख़याल नहीं आता है। यूसुफ़ के अतिरिक्त क़ैदख़ाने का विचार और कौन रखता है।

[illegible] के [illegible] के रूप में तू [illegible]

यह प्यारे की छाया (प्रतिबिम्ब) है, जो जुलेखा रूपी प्रकृति के भीतर प्रविष्ट होकर संसार-रूपी ऊधम मचाती है। यही प्रतिबिंब वीर्यबिंदु की भाँति प्रकृति के पेट (गर्भ) में स्थिर होकर सृष्टि के रूप में उत्पन्न होता है।

ज्ञान आने पर प्रकृति के कलोल बंद हो जाने को अनोखे ढंग से इस प्रकार वर्णन किया है -

प्रकृतेः सुकुमारतरं न किंचिदस्तीति मे मतिर्भवति।
या दृष्टास्मीति पुनर्न दर्शनमुपैति पुरुषस्य ॥ (कारिका ६१)

अर्थ—मेरी सम्मति में प्रकृति अत्यन्त दर्जे की लज्जावती है, जब उसे तनिक भी संशय होता है कि मैं देखी गई हूँ, तो बस फिर पुरुष के सम्मुख भूले से भी नहीं आती।

व्याख्या—जैसे कोई राजकुमारी राजप्रासाद के झरोखे में बैठी शृंगार कर रही हो, तो जहाँ तक उसे यह विचार रहता है कि मुझे कोई पुरुष नहीं देख रहा है, अपने बनाव-शृंगार में लगी रहती है, ज्यों ही उसने यह समझा कि मुझे पुरुष ने देख लिया है, झट खिड़की बंद की और ऐसी चंपत हुई कि फिर सूरत नहीं दिखाती। यही दशा प्रकृति की है। जब यह जान पड़ा कि मेरा ज्ञान हो गया है, फिर नहीं रहती। ज्यों ही ज्ञानवान् ने उसे यों संबोधित किया कि—

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

अधिकारों को स्थिर रखना और अपनी बड़ाई को बनाए रखना मनुष्य का सबसे महान् और सबसे प्रथम कर्त्तव्य है। दुःखों का दूर करना और परम आनंद का प्राप्त करना यही ब्रह्मविद्या का लक्ष्य है। सांख्यदर्शन के पहले ही सूत्र में तीनों प्रकार के दुःखों (बाह्य, आभ्यन्तर और शारीरिक) अर्थात् आधिदैविक, आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक दुःखों को जड़ से दूर कर देना परम पुरुषार्थ (कर्त्तव्य) कहा गया है। यथा—

अथ त्रिविधदुःखात्यंतनिवृत्तिरत्यंतपुरुषार्थः। (सांख्य १-१)

हिंदू-शास्त्र भी मनुष्य-जीवन को ग़नीमत समझते हैं। वेदांत तो मरने के पश्चात् मुक्ति का भरोसा नहीं करता। इस विषय में ईश्वर से भी उधार नहीं, नक़द मुक्ति और परमानंद हाथोंहाथ लिए बिना उनका पीछा नहीं छोड़ता। उपनिषदें दर्शनी हुंडी से भी बढ़कर हैं। पाश्चात्य विज्ञान और ब्रह्मविद्या एकसाँ प्रयोजन को पूरा करने में कहाँ विरोध करते हैं।

पंजाब के देहात में नियम है कि नाई लोग सामान्य सेवकों का भी काम देते हैं। बहुत समय का वृत्तांत है कि एक गाँव के पटवारी ने अपने नाई को बुलाकर अति ताकीद से कहा कि "बहुत शीघ्र भोजन करके यहाँ से सात कोस पर मेरे समधी के गाँव में जाओ, अत्यंत आवश्यक संदेशा भेजना है।"

नाई बेचारे के तेज़ी-जल्दी से हाथ-पाँव फूल गये। घबराया-घबराया अपने घर गया। एक बासी रोटी अपनी स्त्री से लेकर एक अँगोछे के खूँट में बाँधी, इस विचार से कि कहीं रास्ते में खा लूँगा, और झट चलता बना। गया 'गया' जल्दी-जल्दी पग बढ़ा रहा है अपने स्वामी की आज्ञा किस सच्चे हृदय के साथ पूरी कर रहा है। किंतु ले आले ' तूने चलते समय संदेशा तो पटवारी से पूछा ही नहीं, समधी से जाकर क्या कहेगा?

नाई को इस बात का विचार ही नहीं आया। वह अपनी जल्दी ही की धुन में मग्न चला जाता है। जहाँ जाना था, वहाँ पहुँचकर पटवारी के समधी से मिला। वह व्यक्ति संदेसा न पाकर बड़ा व्याकुल हुआ। नाई को धमकाया या कुछ कटुवचन कहा ही चाहता था कि एक युक्ति सूझ पड़ी। तनिक देर मौन रहने के पश्चात् बोला—"अच्छा! तुम पटवारी से तो संदेसा ले आये, खूब किया! अब हमारा उत्तर भी ले जाओ। किंतु देखो, जितनी शीघ्र आये हो, उतनी ही शीघ्र लौट जाओ। शाबाश!"

नाई—(जी में प्रसन्न होकर) जो आज्ञा जजमान!

पटवारी के समधी ने एक लकड़ी का शहतीर जिसको उठाना साहस का काम था, दिखाकर नाई से कहा कि यह छोटी शहतीर पटवारी के पास ले जाओ, और उनसे कहना कि "आपके संदेसे का यह उत्तर लाया हूँ।"......................

बेचारे नाई ने सब काम परिश्रम और ईमानदारी से किए, किंतु आरंभ ही में भूल कर जाने का यह दंड मिला कि शहतीर सिर पर उठाए हुए पसीना-पसीना हुए पग-पग पर दम लेते, हाँफते-काँपते लौटना पड़ा।

विज्ञान अत्यंत शीघ्र गति से उन्नति की सीढ़ी पर गो ऑन, गो ऑन, ऑन, ऑन, ([illegible]) करता चला जाता है। जैसे नाई के पग बढ़ा रहा है। [illegible]

[illegible] शाबाश!

[illegible] ? उसने [illegible]

[illegible]

[illegible] रहा है। किंतु

[illegible]

झमेलों में संतोष और आनंद नहीं प्राप्त होगा, और देर में चाहे सवेर में (so called civilization) झूठी और नकली सभ्यता का शहतीर सिर पर उठाकर भारी बोझ के नीचे कठिनता से अपने स्वरूप आत्मा की ओर वापस लौटना पड़ेगा।

ऐ पृथ्वीतल के नवयुवको! खबरदार! तुम्हारा पहला कर्त्तव्य अपने स्वरूप को पहचानना है। शरीर और नाम के तौक (बंधन) को गर्दन से उतार डालो और संसार के बगीचे में हवास (विषयों) के दास बने हुए बोझ लादने के लिये बेगार में आवारा मत फिरो। अपने स्वरूप को पहचानकर सच्चे राज्य को सँभालकर पत्ते-पत्ते और कण-कण में फुलवारी का दृश्य देखते हुए निजी स्वतंत्रता में मस्त विचरण करो। वेदांत तुम्हारे काम-धंधे में गड़बड़ डालना नहीं चाहता, केवल तुम्हारी दृष्टि को बदलना चाहता है। संसार का दफ्तर तुम्हारे सामने खुला है। (God is no where) इसको ईश्वर कहीं नहीं है, संसार ही संसार है, पढ़ने के स्थान पर (God is now here) ईश्वर अब यहीं है, "जिधर देखता हूँ उधर तू ही तू है"—

"न मी गोयम कि अज़ आलम जुदा बाश;
बहर कारे-कि बाशी बा खुदा बाश।

अर्थ—मैं नहीं कहता हूँ कि तू संसार से अलग रह (वरन यह प्रेरणा करता हूँ) कि जिस काम में तू रह, ईश्वर के साथ रह, अर्थात् ईश्वर का ध्यान मन में रख।

[illegible] मा [illegible] का प्रयोजन तुम्हारी चोटी मुँड़ना नहीं है, तुम्हारा [illegible] स्वभाव है। हाँ, यदि तुम्हारे [illegible] जाय कि भीतर से फूटकर बाहर निकल [illegible] अर्थात् वैराग्य से कपड़े भी लाल गेरुए वस्त्र

न यह चाकर चाक कर्दीदा, न इस ज़र्रा शौक़ मिर्दीदा !
न मुरताक़ है दूध दहींदा, न इस भूख - पियास कुड़े !
कौन आया पहन लिबास कुड़े !

प्यारे भारतवासियो ! अपने प्यारे बच्चों की शिक्षा "डी—ओ—जी=डॉग, डॉग माने कुत्ता" से आरंभ करने के स्थान पर "जी—ओ—डी=गॉड, गॉड अर्थात् परमेश्वर रूप ज्ञानियों के उपदेश "ॐ" से आरंभ कराओ।

बज़ रास्ती अस्त आब अलिफ़ दरमियाने-'जाँ'।
वाव बज़ कजी हमेशा बुवद दरमियाने-'ख़ूँ'॥

अर्थ—सचाई के कारण से शब्द 'जान' के बीच अलिफ़ का निवास है, और टेढ़ेपन के कारण अक्षर 'वाव' सदैव शब्द 'ख़ून' के मध्य में आता है।

किंतु ऐसा नहीं कर सके, तो लड़कों को कॉलेज में प्रविष्ट होने से पहले किसी पूर्ण ज्ञानवान् के सत्संग में पूरे साल अथवा कुछ मासों के लिये छोड़ दो। यदि यह भी न हो सके, तो ऐ युनिवर्सिटियों के डिगरी-पाए नवयुवको ! ऐ विलायत से पढ़कर आनेवालो ! रुपया की नौकरी ग्रहण करने से पहले आओ किसी ब्रह्मविद्या के सच्चे आचार्य की खोज करो, जो न केवल वेदांत के प्रकरण-ग्रन्थों (theology) से ही परिचित हो, वरन् जो स्वयं वेदांत(religion)स्वरूप हो, जिसकी प्रत्येक क्रिया उपनिषद्रूप हो, जिसके रोम-रोम से यह गीत निकल रहा हो—

शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्राः आयेधामानि दिव्यानि तस्थुः॥१॥

वेदाहमेतम् पुरुष महान्तमादित्यवर्णं तमस परस्तात्।
तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय॥ (यजु॰)

अर्थ—सुनो हे अमृतपुत्र, दिव्य स्थानों के वासियो ! सुनो मैंने पाया है मैंने पाया है। मैंने उस अनंत महान् पुरुष

को जाना है, जो अंधकार से सूर्य के समान पृथक् या नितान्त परे है, उसी को जानकर मनुष्य मृत्यु पर अधिकार पाता है। यही विधि है मुक्ति पाने की, और कोई मार्ग नहीं, और कोई मार्ग नहीं।

क्या ऐसे ब्रह्मनिष्ठ ज्ञानवान् महात्मा भारत में नहीं हैं? केवल उन्हीं के लिये नहीं हैं, जिन्हें सच्ची खोज नहीं। किसी ऐसे सत्य जीवन का सार ढूँढ़नेवाले परमहंस के सत्संग के प्रभाव से तुम समस्त आयु द्रव्य के दास नहीं बने रहोगे, वरन् "दौलत गुलामे-मन शुदोइक़बाल चाकरम् (संपत्ति मेरी दासी हो गई और प्रभुत्व मेरा दास)" का मामला देखोगे। जीवन के बाज़ार में जिस ओर जाओगे, आनंद का स्वर (harmony) तुम्हें स्वागत करता हुआ मिलेगा, जिधर दृष्टि को डालोगे, सफलता हाथ मिलाने को विद्यमान होगी। तुम्हारे अधरों (ओठों) पर नवीन उत्पन्न हुई तरोताज़गी के साथ माधुरी मुस्कान सदैव के लिये उत्पन्न होकर शोभा दिखाएगी, और मस्तक पर ज्ञान का सूर्य सदा के लिये उदय होकर शांति की वर्षा करेगा।

ब्रह्मविदिव सौम्य ते मुखं भाति। (छांदोग्य०)

अर्थ—हे सौम्य! तेरा मुख ब्रह्मज्ञानी के समान शोभायमान हो रहा है।

हाय मेरे प्राण से बढ़कर प्यारो! तुम्हें कब पता लगेगा कि

हर कस्ते कि ना निवाद-इश्क़ मस्त।
दर [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]।
[illegible] [illegible]
[illegible] [illegible]

अर्थ—जो समझता कि [illegible] उसको वास्तव में मैं [illegible] निश्चय करता हूँ [illegible] शरीर का दिल

प्रकाशमान नहीं है, तो उसको मिट्टी-तले दबा दे, क्योंकि खाली फ़ानूस की कमरे में कोई महिमा नहीं होती।

वर्तमान शिक्षा-प्रणाली ने निस्संदेह कुछ लाभ पहुँचाया है, किंतु इसमें परिवर्तन और सुधार की बहुत आवश्यकता है। समस्त धर्मों का प्राण, तत्त्वज्ञान का मुकुट, विज्ञानों का विज्ञान वेदांत ही एक विद्या है, जो अज्ञान के भँवर में डूबनेवाले को बचा सकती है। बाल्यावस्था में जब कि हृदय का क्षेत्र प्रभाव को शीघ्र ग्रहण करनेवाला होता है, प्रायः भ्रान्तियाँ (भूलें) जो विद्यार्थियों को पुष्टिकर औषधि समझकर पिलाई जाती हैं, उनके रक्त में दोष उत्पन्न कर देती हैं, और उनके जीवन को कड़ुवा बनाए रखती हैं। जैसे वर्तमान शिक्षा-विभाग की पुस्तकों के निम्न-लिखित पद्य कि—

सुबसे-नफ़्स न गर्दद बसालहा मालूम।
सगे रा लुक़्मए हरगिज़ फ़रामोश।
न गर्दद गर ज़नी सद नौबतिश संग॥
बगर उमरे नवाज़ी सिफ़लए-रा।
बकमतर चीज़े आयद बा तो दर जंग॥

अर्थ—अहंकार का नीचपन बरसों नहीं मालूम होता। कुत्ता ग्रास को कदापि नहीं भूलता है, चाहे सौ बेर उसको तू पत्थर मारे। और यदि समस्त आयु तू कमीने मनुष्य पर दया करे, तो वह थोड़ी सी बात पर तेरे साथ लड़ाई के लिये तत्पर हो जायगा।

बर सवाज़ादाय-दुश्मन तकिया कर्दन अब्लहीस्त।
पायबोसे-सैल अज़ पा अफ़गनद दीवार रा॥
न दानिस्त आँ कि रहमत कर्द बर मार।
कि आँ ज़ुल्मस्त बर फ़रज़न्द-आदम॥
मर्गीन [illegible] आँकि बज़ाहिर मुलायमस्त।
पिनदा [illegible] पन्थ निगर पन्था दाना रा।

प्रकाशमान नहीं है, तो उसको मिट्टी-तले दबा दे, क्योंकि खाली फ़ानूस की कमरे में कोई महिमा नहीं होती।

वर्तमान शिक्षा-प्रणाली ने निस्संदेह कुछ लाभ पहुँचाया है, किंतु इसमें परिवर्तन और सुधार की बहुत आवश्यकता है। समस्त धर्मों का प्राण, तत्त्वज्ञान का मुकुट, विज्ञानों का विज्ञान वेदांत ही एक विद्या है, जो अज्ञान के भँवर में डूबनेवाले को बचा सकती है। बाल्यावस्था में जब कि हृदय का क्षेत्र प्रभाव को शीघ्र ग्रहण करनेवाला होता है, प्राय भ्रान्तियाँ (भूलें) जो विद्यार्थियों को पुष्टिकर औषधि समझकर पिलाई जाती हैं, उनके रक्त में दोष उत्पन्न कर देती हैं, और उनके जीवन को कड़ुवा बनाए रखती हैं। जैसे वर्तमान शिक्षा-विभाग की पुस्तकों के निम्न-लिखित पद्य कि—

> खुवसे-नफ़्स न गर्दद कमालहा मालूम।
> सगे रा लुक़्मए हरगिज़ फ़रामोश।
> न गर्दद गर ज़नी सद नौबतश संग॥
> वगर उमरे नवाज़ी सिफ़लए-रा।
> बकमतर चीज़े आयद बा तो दर जंग॥

अर्थ—अहंकार का नीचपन करमों नहीं मालूम होता। कुत्ता मास को कदापि नहीं भूलता है, चाहे सौ वेर उसको तू पत्थर मारे। और यदि समस्त आयु तू कमीने मनुष्य पर दया करे, तो वह थोड़ी सी बात पर तेरे साथ लड़ाई के लिये तत्पर हो जायगा।

> वर नवाज़ाहाय-दुश्मन तकिया कर्दन अब्लहीस्त।
> पाय्बोस ऐंश बजा रा अन्दरगनद हंशार रा।
> [illegible] नस्त [illegible] दुश्मन कर्द वर मार।
> [illegible] [illegible]-ज़ालिम॥
> [illegible] मु नासमस्त।
> [illegible] एला [illegible] रा।

अर्थ—शत्रु के मान-सत्कार पर भरोसा करना मूर्खता है; क्योंकि नदी का चरण-तल छूना दीवार को गिरा देता है। जिस व्यक्ति ने साँप पर कृपा की, उसने यह नहीं जाना कि मनुष्य-जाति पर (यह कृपा) अत्याचार है। जो कि देखने में सुकोमल स्वभाव है, वह भीतर से कठोर-हृदय है, रुई के भीतर बिनौले को छिपा हुआ देखो।

ऐसे उपदेशों से मनुष्य का हृदय संशय और दुर्भावों का घर बन जाता है, और उसकी आँखों में ऐसा रोग समा जाता है कि जिधर देखता है, मूर्तिमान् शत्रुता से सामना करना पड़ता है। यद्यपि वास्तव में इसके अपने दुर्भाव और खटके ही भेंट करने-वालों के अंध-हृदय हो जाने का कारण होते हैं, वेदांत का यह अनुशासन है कि 'नीच' शत्रु, पापाण-हृदय, पिशाच कोई है ही नहीं, मेरा पवित्र स्वरूप ही समस्त रूपों में प्रति समय शोभाय-मान है, अपने आपका कोई अनिष्ट नहीं करता, अतः मेरा अनिष्ट करनेवाला कौन है ? अन्य तो कभी विचार-गर्भ में भी उपस्थित नहीं हुआ। अविश्वास त्याग दो। भेद-दृष्टि वा द्वैत-दृष्टि का पाप तोड़ो, झूठ से मुँह मोड़ो।

यदि ऊपर से संखिया की भाँति कोई व्यक्ति मेरे निकट आया है, तो अवश्य किसी कुष्ठ को दूर करेगा। इस विष की आवश्यकता ही थी। यदि नश्तर के स्पष्ट ढंग में मिला है, तो अवश्य विक्षिप्तता (उन्माद) की नाड़ी को फ़स्द खोलकर मेरे स्वास्थ्य का कारण होगा, धन्य है। यदि काँटेवाला अस्तुरा बनकर आया है, तो अवश्य मेरा खत ही बनाएगा, अच्छा हुआ। सब शरीर मेरे हैं, मेरे अपने आपसे अवश्य मुझको हानि का भय नहीं। बाहरी विरोध वास्तविक नहीं, केवल देखने-मात्र है, जैसे प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि कभी मुझमें बाल्यावस्था थी, फिर युवावस्था बीती, आगे बुढ़ापा आ जायगा, किंतु बाल्यावस्था, जवानी, बुढ़ापे